CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 19 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करणः वर्ष 26 अंक 217 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2


डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स


बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय


यूक्रेन नाटों में शामिल नहीं होगाः ट्रम्प पेज 12

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें: सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -**शेष पृष्ठ दो पर**

### डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



### प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वत: संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वत: संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।

### सेना के जवान से दुर्व्यवहार: एनएचएआई ने टोल एजेंसी पर लगाया 20 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** मेरठ के भूनी टोल प्लाजा पर एक सैनिक के साथ मारपीट की घटना के बाद एनएचएआई ने घटना को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए टोल आपरेटर धर्म सिंह एंड कंपनी पर 20 लाख का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही टोल कंपनी का कान्ट्रैक्ट खत्म करने और भविष्य में किसी भी टोल निविदा में भाग लेने से रोकने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही। उन्होंने

### रूसी राष्ट्रपति ने की ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया।

# सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे



बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -**शेष पृष्ठ दो पर**

### महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीता: राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।




with you hamesha | xmart by mahindra

To book online visit auto.mahindra.com.

A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008, 8392954021; SHAMLI 7617595008

SHREE SHYAM JI AUTOMOTIVE — MEERUT 7428594673, 7302255500; BAGHPAT 7428594673

JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908, 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908

SHIVA AUTO CORP — BULANDSHAHAR 7617595010, 8929088709

TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने दो बेटियों को नदी में फेंका, खुद भी लगाई छलांग

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने सोमवार को अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ अंबुज सिंह ने बताया कि मधेपुरा गांव निवासी रज्जन निषाद (28) शराब का आदी था और अक्सर पत्नी से झगड़ा करता रहता था। सोमवार को विवाद के बाद वह अपनी बेटियों सुनैना (6), अला (4) और छोटी (2) को लेकर जुहीका पुल पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने पहले अला और छोटी को तेज धार में फेंक दिया। यह देखकर बड़ी बेटी सुनैना घबरा गई और पुल से भागकर जोर-जोर से रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच लोगों को आता देख रज्जन ने भी नदी में छलांग लगा दी।

### कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। आगरा की विजय नगर कॉलोनी में मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास है, जहां आज सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पहुंच गए। तख्तियों पर आपत्ति. जनक नारे लिखे हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रो. कने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झड़प भी हुई। इस बीच कांग्रेस समर्थक मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा से निष्कासित विधायक ने कहा: समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समा. जवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनी. तिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# राष्ट्रपति ने शाहनवाज को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त 2025 को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सहायक रेडियो अधिकारी (उत्तर प्रदेश) शाहनावाज हुसैन को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा है यह पदक उन्हें मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ. विपिन टांडा द्वारा दिया गया है। बताया जाता है शाहनावाज हुसैन पिछले 9 माह पूर्व अलीगढ़ से सेवानिर्वत हुए थे, जबकि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया था, जबकि 2022 में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्तकृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया था और 2025 में रिटायर होने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। शाहनावाज हुसैन बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, मुरादाबाद, एटा व अलीगढ़ में अपनी सेवाएं पुलिस विभाग में दे चुके है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोग: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई, तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है।

समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिए गए थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है, तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे, वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी, उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आरोपों का जवाब देने बजाय राहुल गांधी के सवालों को नकारा

# जिम्मेदारियों से भाग रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



सांसदों की आयोग की गतिविधियों पर नजर, उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया सकता है: गौरव गोगोई

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिक. ार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है, लेकिन सांसद उसकी गति. विधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग गांधी तथा अन्य राजनी. तिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन उसने इसके विपरीत रानीतिक दलों पर ही सवाल उठाया और एक तरह से सवाल उठाने वाले दलों पर पर आक्रमण किया। सवाल था कि बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण क्यो हो रहा है, महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े, आधार की प्रमाणिकता के खिलाफ क्यों है आयोग, इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता से स्पष्ट है की आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष नहीं है। ऐसे अधिकारी किसी भी तरह की शिकायत पर जांच के खिलाफ है।

### वोटर अधिकार यात्रा पर भाजपा का तीखा हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से माननीय मोदी जी की सरकार बनी है, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं, उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ए स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ए जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है।



सेंसेक्स 80597.66

निफ्टी 24938.20



सोना रु. 101406

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114050

प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों की घोषणा से उछला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगले चरण के बड़े सुधारों की घोषणा के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 808. 13 अंक की तेजी के साथ 80,597.66 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 306.90 अंक की बढ़त में 24,938.20 अंक पर खुला। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,168 अंक चढ़ता हुआ 81,765.77 अंक पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,083.89 अंक यानी 1.34 प्रतिशत ऊपर 81,681.55 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 80,597.66 अंक पर बंद हुआ था।

निफ्टी-50 भी 25 हजार अंक के स्तर को पार करता हुआ 391 अंक की मजबूती के साथ 25,022 अंक तक पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 373.85 अंक यानी 1.52 प्रतिशत ऊपर 25,005.15 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 24,631.30 अंक पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। इसमें ढांचागत सुधारों के अलावा जीएसटी में स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करने और आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर कम करके उन्हें राहत देने की बात कही गयी है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। ऑटो सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और बैंकिंग शेयरों में उछाल रहा। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 7.5 फीसदी की बढ़त में थे।

# सोना-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 400 रुपए गिरकर 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 883 रुपए कम होकर 1,14,050 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,013,30 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत घ1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 सोना इस साल अब तक 23,461 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,461 रुपए बढ़कर 99,623 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,233 रुपए बढ़कर 1,14,050 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें, चीनी मजबूत



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गयी। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख देखने को मिला। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 49 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,560 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.95 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 92 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 3,835.08 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गेहूं नौ रुपए गिरकर 2,839.71 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। आटा भी 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,290.85 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 258 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 32 रुपए और वनस्पति 114 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 18 रुपए की गिरावट देखी गई। सोया तेल भी 85 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत करीब 108 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 111 रुपए और तुअर दाल 232 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 86 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूंग दाल भी 117 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 115 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामक. ाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।













### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# सांप के डसने से भाई-बहन की मौत

**पारस के होंठ व तमन्ना की उंगली पर काटकर कोने में बैठा सांप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जहरीले सर्प ने बेड पर सो रहे भाई बहन को डसकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को लेकर पूरे गांव में शोक है।

फुगाना थाना क्षेत्र के गांव करौदा महाजन निवासी राजेश कुमार पंजाब राज्य के जिला जालंधर में नौकरी करता है। उसकी पत्नि प्रतिभा अपनी 12 साल की बेटी तमन्ना तथा 8 साल के बेटे पारस के साध्थ गांव में रहती है। तमंना कक्षा 3 तथा पारस कक्षा 2 का छात्र था। रविवार की देर रात के समय दोनों भाई बहन बैड पर सो रहे थे। इसी दौरान सांप उनके घर में घुस गया। सांप ने पारस के होंठ तथा तमन्ना की उंगली में काट लिया। बहन भाई का डंसने के बाद सांप कमरे के कोने में बैठ गया। देर रात के समय अचानक बहन भाई की तबीयत बिगडने लगी। चिकित्सक ने उन्हें शामली चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने सांप को जिंदा पकडकर खेत में छोड दिया। दोनों भाई बहन को परिजन शामली चिकित्सालय ले गए। घटना की सूचना परिजनों ने बच्चों के पिता राजेश को दी। सूचना मिलते ही राजेश भी गांव में आ गया। शामली चिकित्सालय में उपचार के दौरान भाई बहन की मौत हो गई। परिजन भाई बहन को लेकर किसी महात्मा व झाड फूंक करने वालों के पास ले गए। उन्होंने भी ला इलाज बताया। समाचार लिखे जाने तक परिजन दोनों भाई बहन को लेकर किसी महात्मा के पास गए है। घर पर कुशलक्षेम पूछने वालों का तांता लगा है। घटना को लेकर गांव में शोक है और परिजनों में कोहराम मचा है।

# पिटाई से घायल हुए कथित चोर की मौत

## बुढ़ाना करबला रोड पर एक घर में घुसने पर पब्लिक ने की थी पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पब्लिक की पिटाई से घायल हुए एक कथित चोर की इलाज के अभाव में उसके घर पर ही मौत हो गयी। उक्त युवक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे एसपी देहात आदित्य बंसल ने परिजनों से घटना की जानकारी लेकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बुढ़ाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



प्रत्यशदर्शियों के अनुसार लगभग 30 वर्षीय मोनू तितोरिया पुत्र जगबीर निवासी मौहल्ला पछाला कस्बा बुढ़ाना बीती रविवार की सुबह कस्बे के ही समीपवर्ती मौहल्ला करबला रोड निवासी रियाज मलिक के मकान में मुख्य गेट खुला होने के कारण चोरी करने की नीयत से घुस गया था। मकान मालिक ने अजनबी व्यक्ति को अपने घर में घुसे देख शोर मचा दिया था। शोर शराबा सुनकर मौहल्ले के सैंकड़ों लोग मौके पर आ गये थे तो चोर बेड के नीचे घुस गया था। तब लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसे बेड के नीचे से निकालकर मारा पीटा था तो उस समय चोर बडी ही फुर्ती से भीड़ का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया था। उधर घायल कथित चोर मोनू ने डर की वजह से घर आकर अपने परिजनों को अपनी पिटाई की कोई भी बात नहीं बताई और चुपचाप बेड पर लेट गया था। इसी दौरान बीती रात उसकी पिटाई के 02 वीडियो वायरल हुए तो परि. जनों को घटना का पता लगा लेकिन रि भी उसने अपने परिजनों को कोई भी बात नहीं बताई। आज सोमवार की अल सुबह मोनू अपने बेड पर उस समय मृत अवस्था में पाया गया जब परिजन उसके कमरे में गये। तब परिजनों में चीख पुकार मच गयी। किसी व्यक्ति की सूचना पर मौके पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र, एसएसआई ललित शर्मा और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत करते हुए मृतक मोनू के शव को पीएम के लिए भिजवाकर इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली और बुढाना पुलिस को घटना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर पूर्व विधायक उमेश मलिक व बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी भी पहुंचे। जिन्होंने मृतक युवक मोनू के परिजनों को सांत्वना दी। आज रात पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर स्वामी यशवीर महाराज ने मोनू के हत्यारों को गोली मारने की मांग की है।

# चोरों ने मकान से की लाखों की संपत्ति चोरी

**ग्रामीण और पुलिस ने घटना को बताया संदिग्ध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर कमरे में रखी डेढ़ लाख रुपये की नगदी और सोने चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरु कर दी है। इस घटना को ग्रामीण और पुलिस संदिग्ध बता रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव इटावा निवासी दलित अनुज पुत्र मदन के मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने आज सोमवार को दिन निकलने से पहले ही एक कमरे में रखी डेढ़ लाख रूपये की नगदी और सोने चांदी के कीमती जेवरात चुरा लिए। इस घटना का पता मकान मालिक अनुज को आज सुबह के समय लगा।

कुछ ही दिनों बाद अनुज की बहन की शादी में दिए जाने वाले जेवरों के चोरी होने से परिजनों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी गयी तो बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी किशनपाल सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अस्त व्यस्त सामान देखकर मकान मालिक अनुज से पूरी घटना की जानकारी ली।

इस घटना को बुढाना पुलिस के साथ साथ ग्रामीण भी संदिग्ध मान रहे हैं। दूसरी और बुढाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।




मुजफ्फरनगर: छोटूराम डिग्री कॉलेज के गेट के बाहर धरना देते छात्र।

# फीस वृद्धि के विरोध में छोटू राम कॉलेज पर धरना दिया

**एबीवीपी के बैनर पर छात्रों ने गेट के बाहर किया प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फीस वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर पर प्रदर्शन करते हुए जुलूस के रूप में पहुंचे छात्रों ने सर्कुलर रोड स्थित छोटूराम डिग्री कॉलेज गेट के बाहर धरना दिया।

सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर पर छात्र प्रदर्शन करते हुए छोटू राम डिग्री कॉलेज पहुंचे और फीस वृद्धि के विरोध में गेट के बाहर धरना देकर बैठ गए।

फीस वृद्धि के विरोध में प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि कॉलेज प्रशासन ने फीस बढ़ोतरी कर विद्यार्थियों के हकों पर डांका डालने का काम किया है जो अनुचित है, जिससे आम विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। छात्र नेताओ ने कहा कि शिक्षा के नाम पर मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कॉलेज प्रशासन को फीस वृद्धि का निर्णय वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो धरना जारी रहेगा और आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# स्टेडियम व नुमाइश ग्राउंड पर आर्मी का कब्जा

## 21 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलने वाली अग्निवीर भर्ती के लिए डाला डेरा

**अग्निवीर सेना भर्ती की तैयारियां को दिया अंतिम रूप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ से आर्मी के जवानों ने चौधरी चरण सिंह स्पोट्स स्टेडियम और नुमाईश ग्राउंड पहुंच कर यहां अपना कब्जा जमा लिया है।

जिला प्रशासन ने डीएम के निर्देश पर दोनों स्थान आर्मी के हैंडओवर कर दिए हैं भर्ती के लिए आर्मी ने नुमाईश ग्राउंड में बाउंड्री लाइन बनाकर क्षेत्र में आवागमन पर निगरानी बढ़ा दी है।

दरअसल मुजफ्फरनगर के चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडिय में 21 अगस्त से अग्निवीर भर्ती शुरू हो रही है, जो आठ सितंबर तक चलेगी। इसमें सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, बागपत, हापुड़, बुलंदशहर, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा और गाजियाबाद कुल 13 जिलों से 17 हजार अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए यहां पहुंचेंगे। अलग-अलग दिन जिलों के हिसाब से अभ्यर्थी भर्ती के लिए रखे गए हैं। मेरठ से कर्नल के नेतृत्व में आर्मी ने मुजफ्फरनगर में आकर डेरा डाल दिया है। नुमाइश ग्राउंड के मैदान को चारों तरफ से कवर किया गया है। वहां उंची बाउंड्री वाल बनने शुरू हो गई है। इसके साथ चौधरी चरण सिंह स्पोट्स स्टेडियम में रहने के साथ मैदान में दौड़ की तैयारी शुरू हो गई है। चौधरी चरण सिंह स्पोट्स स्टेडियम में बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। जिला क्रीडा अधिकारी भूपेंद्र यादव ने बताया डीएम के आदेश पर आर्मी को स्टेडियम हैंडओवर किया गया है। स्टेडियम में कर्मचारियों व अधिकारियों के पास बनेंगे, जिससे उन्हें एंट्री मिलेगी।

# छापामारी कर दवा व्यापारी को साथ ले गई टीम

**मुजफ्फरनगर।** जिला परिषद मार्केट में आज अचानक सनसनी फैल गई, जब सादी वर्दी में पहुँची एक टीम ने एक दवा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर दबिश दी। टीम ने मौके पर छापामारी करते हुए व्यापारी को गिरफ्त में लिया और साथ ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (देहरादून) की टीम द्वारा की गई प्रतीत हो रही है। फिलहाल मामले से जुड़ी अधिक जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई के बाद मार्केट क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाए भी है। दवा व्यापारियों मे हड़कंप भी मचा हुआ है।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा दो लाख का इनामी

**दो दर्जन से अधिक संगीन मामलों में बताया गया है लिप्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसटीएफ ने बारह वर्ष से फरार चल रहे दो लाख के इनामी हरीश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पकड़े गए अपराधी से जनपद मुजफ्फरनगर के थाना भौराकलां में पूछताछ चल रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक सूचना के आधार पर दो लाख के इनामी हरीश को गिरफ्तार किया गया है। हरीश के खिलाफ जनपद मुजफ्फरनगर सहित कई जनपदों में दर्जनभर हत्या व हत्या के प्रयास तथा रंगदारी व अपहरण के मुकदमें दर्ज बताए गए है। हरिश ने 2004 में अपराध की दुनिया मे कदम रखा और बताया जा रहा है कि वह भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव भौरा खुर्द का रहने वाला है और उसने गांव में ही सुखपाल नामक व्यक्ति की हत्या की और सतीश की हत्या में भी उसका नाम आया था। 2007 से 2010 के बीच रमेश झीमर, बस चालक सुरेन्द्र, मास्टर राजबीर सिंह, ठेकेदार श्री मोहन की हत्या में भी उसका नाम आया था। 2012 में मदन के अपहरण व रंगदारी में भी उसका नाम सुर्खियों में रहा और वह शिकारपुर और पटियाला में छिप कर रह रहा था। हरिश की गांव के ही लोगों से खूनी विवाद चल रहा था जिसमें दोनो पक्षों के कई लोग मारे गए।

# अफसरों को साथ बेराज का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री

## जल्द ही आवागमन सुचारू कराने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बरसात के बाद बाढ़ बिजनौर गंगा बेराजपुल क्षतिग्रस्त होने के बाद यहां वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित होने से यहां से गुजरने वाले लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को मुजफ्फरनगर डीएम उमेश मिश्रा व बिजनौर डीएम जसप्रीत कौर के साथ किया बिजनौर बैराज का निरीक्षण कर नेशनल हाईवे व लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ जल निगम विभागों के अधिकारियों को बिजनौर बैराज मार्ग जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आम जनता को हो रही हे परेशानी को देखते हुए जल्द से जल्द कार्य योजना बनाकर पुल को दुरूस्त कराया जाए। उन्होने बिजनौर बैराज पर राहगीरों से भी की बातचीत की जिसके बाद उन्हे लोगों ने बताया कि आवागमन बंद होने से यहां ट्रांसपोर्ट का खर्चा भी दोगुना हो गया है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल के बिजनौर बैराज निरीक्षण के दौरान डीएम उमेश मिश्रा व डीएम बिजनौर जसप्रीत कौर, एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह, एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, रामराज थाना प्रभारी सुनील कसाना सहित बिजनौर के पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।



# 58 पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र बदले

**एसएसपी ने स्थानांतरण कर कुछ को दी नई तैनाती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने 58 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर करते हुए कुछ को नई तैनाती भी दी है। एसएसपी ने महेश चंद, मोमराज सिंह, शिव कुमार, अजय, तरूण को पुलिस लाइन से खतौली व चरथावल तथा आईजीआरएस सेल में नियुक्त किया है। और सोनिया को शाहपुर से महिला थाना बुढ़ाना, अरविंद को चरथावल से पुलिस लाइन, मिथलेस को ककरौली से महिला थाना, सुशीला को पुरकाजी से महिला थाना, रश्मि को पेशी कार्यालय सीओ फुगाना से बुढ़ाना, श्याम सिंह को तितावी से सिविल लाइन, रणवीर सिंह को चरथावल से पुलिस लाइन, रजनी को नई मंडी से जानसठ, रोहताश को पेशी कार्यालय से फुगाना, मौ. अलीम को भोपा से रतनपुरी, सलमान को शाहपुर से पैरोकार बुढ़ाना, कपिल देव को पुलिस लाइन से सदर माल खाना, सुमित कुमार को जानसठ से पुलिस लाइन, जोली को रामराज से महिला थाना, कालू राम को एसओजी से सर्विलांस, दीपक को सर्विलांस से सीओ फुगाना कार्यालय, प्रशांत को सर्विलांस से शाहपुर, ललित को मीरांपुर, केतन सिंह को पुलिस लाइन से बुढ़ाना, नदीम अहमद को पुलिस लाइन से सिविल लाइन, अंकुर को बुढ़ाना से सिविल लाइन, देवेन्द्र कुमार को भोपा से अभियोजन कार्यालय, हिमांशु को बुढ़ाना से शाहपुर, प्रशांत को भोपा से मीरांपुर, वसीम को पुलिस लाइन से भौराकलां, बिजेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से सिखेडा, प्रदीप कुमार को पुलिस लाइन से खालापार, राकेश को चरथावल, नरेश, दिनेश, गौरव व जीवन लाल को भोपा, बाल किशन को खतौली, अतुल को बुढ़ाना, राजकुमार को बुढ़ाना, मोहित को भोपा, दीपक को चरथावल, नितिन को खतौली, प्रीति को थाना नई मंडी, रीतु, सीमा, उमेश, अंजलि, अमृत कौर को महिला थाने में नियुक्त किया है। अंशु को सिखेडा से मंडी, विनीत को सम्मन सेल से सीओ फुगाना, मोनिका को भोपा से जानसठ और इसी तरह कुल 58 पुलिस कर्मियों के तबादले किए गए है। बता दे कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपराधियों पर शिकंजा पाने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कुछ दिन पूर्व ही 400 से अधिक पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया था।

# 30 लाख की स्मैक के साथ दो दबोचे

## कई जनपदों में फैला है जाल, बेचने के लिए आए थे आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार थाने की पुलिस ने ऑपरेशन सवेरे के अन्तर्गत चलाए गए अभियान के तहत स्मैक के दौ तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस लाइन के कब्जे से करीब तीस लाख की स्मैक बरामद करते हुए बताया कि एक आरोपी चिकन की दुकान करता है और दूसरा ऑटो ड्राइवर है इसी की आढ़ में दोनो तस्कर स्मैक का धंधा कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि खालापार कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक महावीर सिंह चौहान और उनकी टीम ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत जनपद में अभियान चलाया गया है।



जिसमें नशीले पदार्थ की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है इसी के तहत पुलिस ने चैकिंग के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लिखापढ़ी करते हुए 152 ग्राम स्मैक के साथ उन्हे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के नाम कफील उर्फ कामरान पुत्र अब्दुल वहीद उर्फ अब्दुल वाहिद निवासी फतेहगंज बरेली व मेहरबान पुत्र छोटे निवासी बरेली बताए है। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल एक इक्लेक्ट्रॉनिक कांटा भी बरामद होना बताया है।

एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि यह लोग उनके क्षेत्र में नशीले पदार्थ को बेचने के लिए आए थे, लेकिन खरीदारी से पहले ही पुलिस ने उन्हे दबोच लिया था अब वह हरियाणा जाने की फिराक में थे।

# सदर बाजार में व्यापारी से मारपीट पर आक्रोश

**मुजफ्फरनगर।** विगत दिवस सदर बाजार में ग्रीश सीमेंट पर कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। ग्राहक के साथ हुई मारपीट का विरोध करने पर हमलावरों ने दुकान मालिक विशु त्यागी व आशीष जैन के साथ भी मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गए। आक्रोशित व्यापारियों ने इस मामले में अधिकारियों से मिलकर पुलिस पर भी आरोप लगाए बाद में यह मामला एसपी क्राइम के दरबार में पहुंचा और व्यापारियों ने हमलावरों के नाम भी पुलिस अधिकारियों को बताए। एसपी क्राइम से मिले शलभ गुप्ता व अन्य व्यापारियों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और कड़ी कार्यवाही की मांग की।

एसपी क्राइम ने सिविल लाइन पुलिस को कार्यवाही के आदेश दिए।

# बहु की हत्या में पति, सास व ननद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने नवविवाहिता गोल्डी उर्फ आकांक्षा की हुई मौत के बाद ससुरालियों पर लगे हत्या के आरोप के चलते पति मयंक शर्मा, सास रेखा व ननद छवि को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पुलिस दूसरी ननद आरोपी सुहानी को तलाश कर रही है। तीनों को चालान कर जेल भेज दिया गया।

नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि रविवार को विवाहिता गोल्डी उर्फ आकांक्षा ने अपनी ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने मोबाइल के स्टेटस पर लिखा था कि उसकी मौत के जिम्मेदार पति, सास व दो नंद है। विवाहिता के पिता सुबोध शर्मा ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमें के तुरंत बाद ही आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में भागदौड़ शुरू कर दी थी। सोमवार सुबह पुलिस ने भोपा अडडे के पास लिंक रोड से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी नंद को पुलिस तलाश रही है। सीओ नई मंडी राजू कुमार साव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में लगाए गए आरोपो की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मुकदमे के अनुसार कार्यवाही कर रह है।

### मौत से पहले लगाया था स्टेटस, चुन्नी बरामद

**मुजफ्फरनगर।** भोपा की रहने वाली गोल्डी उर्फ आकांक्षा की शादी इस साल जनवरी माह में शिवपुरी निवासी मयंक शर्मा के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। इसी के चलते उनकी बेटी की हत्या की गई है। पुलिस का कहना था कि विवाहिता ने आत्महत्या की थी। घटना में प्रयुक्त एक चुन्नी भी बरामद की है। विवाहिता ने मोबाइल पर स्टेटस लगाकर अपनी मौत का जिम्मेदार पति, सास व दो नंद को ठहराया था। तीनों आरोपियों को दहेज हत्या के आरोप में पकड़ा गया है।

# डीएम व एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं, दिया निराकरण का आश्वासन

**बुढ़ाना।** जिले के दोनों आला अधिकारी सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस मे पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्रा के लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर दस दिन के भीतर करने के निर्देश दिए। शासन की मंशा अनुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें डीएम उमेश मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया। जन सुनवाई मे कुल 56 प्रार्थना पत्रा प्राप्त हुये जिसमें 08 प्रार्थना पत्राों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया और शेष को निर्धारित समय सीमा मे निस्तारित करने को कहा गया। डीएम ने ये भी निर्देश दिए कि यहां प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित करें। टीम शिकायत का मौके पर जाकर निस्तारण करे। अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित करें। तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जे, चकरोड, अवैध अतिक्रमण और नाली आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाएं। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने का लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी वीडियोग्राफी बनाएं। इस दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।



# दो महिलाओं ने रो-रोकर सुनाई अपनी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से एक जमीन पर कब्जा करते हुए विरोध करने वाली महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने के बाद पुलिस को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी है।

दोनों महिलाओं का रोते हुए का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी हो रहा है। जिसमें दो पीडित महिलाएं कैमरे के सामने रो रोकर अपनी समस्या को बताकर उसका निस्तारण करने की मांग संबंधित अधिकारियों से कर रही है।

पीड़िताओं का आरोप है कि पहले भी उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी और उनकी जमीन को भी कब्जाने की कोशिश की गयी थी।



इन लोगों पर पहले हत्या का षडयंत्र रचने का मुकदमा दर्ज हैं मगर बुढ़ाना पुलिस ने आज तक भी उक्त आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नही की है। जिस पर दबंगो द्वारा हौंसला दिखातै हुए आज भी हमारे साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गयी है।

जिसके चलते अब वे कस्बा बुढाना से पलायन करने को मजबूर हैं। आरोपी अल्संख्यक समुदाय के बताए गये जा रहे हैं। यह मामला कर्बला रोड का बताया जा रहा है।

# दिनदहाड़े अग्रसैन विहार में भगवान की मूर्ति व नकदी चोरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अग्रसैन विहार में दिन दहाड़े दुकान के ताले तोडकर भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति और गल्ले में रखी हजारों की नकदी चोरी कर ली गई। घटना के समय व्यापारी रेलवे स्टेशन पर सामान का पार्सल देने गया हुआ था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली थी तो करीब 15 वर्ष का किशोर घटना को अंजाम देकर जाता हुआ दिखाई पड रहा है। नई मंडी क्षेत्र के निवासी रोहित गोयल ने मौहल्ला अग्रसैन विहार में भगवान की मूर्ति और पौशाक की दुकान खोल रखी है। घटना सोमवार दोपहर की है। व्यापारी रोहित गोयल पार्सल को देने के लिए रेलवे स्टेशन पर गया हुआ था। इस समय शटर खुला हुआ था और गेट का ताला लगा था जब वह वापस लौटे तो देखा कि गेट का ताला टूटा पडा हुआ है और यहां रखी भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति व अन्य सामान चोरी हो चुका है। गल्ले की नकदी भी गायब थी। सूचना के बाद व्यापारी नेता शलभ गुप्ता, भूपेन्द्र गोयल यहां पहुंचे और घटना की जानकारी मिलने के बाद नई मंडी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जिसमें 15 वर्ष का किशोर घटना करते हुए वह सामान ले जाते हुए पड रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लेकर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में देर शाम बागोवाली चौराहे के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिंड़त हो गई। हादसे में दो युवकों पुरकाजी के गांव रंडावली निवासी सेटू (30) व बेहडा अस्सा निवासी परिवार के इकलौते बेटे हिमांशु त्यागी (28) की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव मोर्चरी भेज दिए है।

रात के समय थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गांव बेहड़ा अस्सा निवासी हिमांशु त्यागी बाइक पर सवार होकर सिसौना लिंक मार्ग से हाईवे बाइपास की तरफ घर जाने के लिए आ रहा था। जब वह बागोवाली चौराहे के पास पहुंचा तो सामने से आई एक बाइक के साथ उसकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों के चालक घायल हो गए। राहगीरों से सूचना पाकर नई मंडी कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि हिमांशु के अलावा दूसरे मृतक युवक की पहचान पुरकाजी के गांव रंडावली निवासी सेटू के रूप में हुई। वह पचेंडा रोड पर एक फैक्टरी में काम करता था और डयूटी समाप्त कर बाइक पर घर जा रहा था। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों के परिजनों को सूचना दे दी है। दोनों शवों को मोर्चरी में रखवाया है। परिजनों के आने पर कार्रवाई की जाएगी।



फाइल फोटो सेटू



फाइल फोटो हिमांशु

# मंत्री कपिल ने किया प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन

## घास मंडी प्राचीन शिव मंदिर को बनाएंगे भव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए घास मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं धर्मशाला के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन पूजन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक धरोहरों का संरक्षण न केवल आस्था का सम्मान है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

शहर के घास मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं धर्मशाला में रविवार को आयोजित जीर्णोद्धार कार्यक्रम के तहत भूमि पूजन का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने भूमि पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंदिर केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और परंपराओं को जीवित रखने का केंद्र है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पुनर्निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और शांतिपूर्ण वातावरण प्राप्त होगा। इससे पूर्व मंत्री कपिल देव अग्रवाल कस्बा जानसठ स्थित पाण्डवकालीन श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर पहुँचे, जहां उन्होंने पूजन-अर्चना एवं भूमि पूजन किया।

उन्होंने जानकारी दी कि इस प्राचीन धरोहर मंदिर के भवन निर्माण और विकास कार्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह पहल न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि भावी पीढ़ियों को अपनी गौरवशाली परंपरा से जोड़े रखने में भी सहायक होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार धर्मस्थलों के विकास और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला मंत्री सुधीर खटीक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यणेश तंवर, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन, एलडीबी चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र प्रमुख, पूर्व अध्यक्ष प्रवेन्द्र भड़ाना, मंदिर कमेटी अध्यक्ष प्रवीण तंवर, मण्डल अध्यक्ष रोहित खत्री, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सभासद विकास गुप्ता रहे।



# मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

**खतौली।** भारत धारा नेचुरल फार्मिंग प्रोडड्रूसर कम्पनी लिमिटेड के तत्वाधान में आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श, चिकित्सा शिविर, पूरी बॉडी चेकअप एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परामर्श शिविर में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक सिंह (वी.पी., त्रिवेणी शुगर मिल) पहुंचे। उन्होंने शिविर का अवलोकन किया और उपस्थित लोगों को प्राकृतिक खेती के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सिंह ने कहा कि जीवामृत मिट्टी की उर्वरता और फसल की शक्ति का राज है। गाय का गोबर, गोमूत्रा, बेसन, गुड़ और मिटी से बने इस प्राकृतिक घोल से खेतों की उर्वरता बढ़ती है, पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है तथा फसल अधिक हरी-भरी और स्वास्थ्यवर्धक बनती है। उन्होंने चीनी उत्पादन एवं उससे होने वाले लाभ पर भी उपस्थित प्रबुद्ध जनों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में आयुर्वेदाचार्य डॉ. प्रशान्त चतुर्वेदी (जयपुर) एवं अंजली ममगई (देहरादून) ने सैकड़ों मरीजों का आयुर्वेद की विभिन्न पद्धतियों द्वारा निःशुल्क उपचार किया। कार्यक्रम में सहयोग देने वालों में डायरेक्टर ओमपाल सिंह धामा, अजय जनमेजय, धीरज बबलू अहलावत भैंसी, देवेश शर्मा, आदेश सैनी बड़सू, रामप्रकाश शर्मा (ए.डी.ओ.), मिंटू सैनी, केशव अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अरोड़ा, सुरेन्द्र सिकंदरपुर सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।, डॉ. अशोक सिंह रहे मुख्य अतिथि रहे।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के होनहार छात्रों का स्वर्ण पदक से सम्मान

**मीरापुर।** लायंस ओलंपियाड दिल्ली द्वारा सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के तीन होनहार छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र किर्ति, निधि सिरोही और अव्य पंवार को इस उपलब्धि पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सजी वर्गीस तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैभव शर्मा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर सम्मानित हुए हैं। इस सफलता में न केवल उनकी मेहनत बल्कि माता-पिता का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी शामिल है। प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि लायंस ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। इससे छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है तथा वे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार होते हैं। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षकगण, अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मानित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी।



# पुरकाजी में निकाला गया रामलीला ध्वज



**पुरकाजी।** समाज सुधार समिति के तत्वाधान में आज कस्बे में ठाकुरद्वारा मंदिर मेंएक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी की सहमति से कस्बे में श्री रामलीला मंचन के लिए आज ध्वजारोहण कर रामलीला ग्राउंड में स्थापित किया गया ठाकुरद्वारा मंदिर से बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा बाजार कला से होते हुए सत्य विहार कॉलोनी में स्थित रामलीला ग्राउंड तक पहुंची जहां पर श्री रामलीला क झंडे का पूजा अर्चना कर स्थापित किया गया। शोभायात्रा में नवीन गोयल, सुशील शर्मा, नवीन सिंगला, यूपी रतन, डॉक्टर संदीप वर्मा, हरी राम सक्सेना, केपी सिंह, निर्दोष जैन, सुशील करनावल, मनीष गुप्ता, अनूप गोयल, संजीव गोयल, अंकित गोयल, भानु शर्मा, विपुल, विक्रम सिंह, रजत वर्मा, महेश शर्मा, बलकार, सिंगला आदि मौजूद रहे

# मोक्ष मार्ग की ओर ले जाती है भागवत : सुमन कृष्ण

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्री शुकदेव आश्रम के समाधि मंदिर में मध्य प्रदेश बैतूल के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा महोत्सव के चौथे दिन सोमवार को कथा व्यास सुमन कृष्ण शास्त्री ने कहा भागवत मोक्ष मार्ग की ओर ले जाती है। भगवान श्री कृष्ण और भागवत दोनों ही एक दूसरे के पर्याय हैं। भागवत महापुराण सिर्फ एक ग्रंथ नहीं है बल्कि यह भगवान श्री कृष्ण की एक जीवंत साकार श्री विग्रह है। कथा व्यास ने कहा महर्षि वेदव्यास ने श्रीमद् भागवत महापुराण में बार-बार स्मरण कराया है कि यह केवल नंद के लाला नहीं है अपितु प्रकृति से परे परम पुरुष जगतपिता हैं । उन्होंने कहा कि हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्री कृष्ण सदैव मुस्कराते ही रहे। ईश्वर होकर भी साक्षी भाव से द्रष्टा बने सब स्वीकारते हुए सहज बने रहे। श्री कृष्ण सिखाते हैं जीवन में कितनी भी प्रतिकूल परिस्थिति क्यों न हो उसका मुकाबला मुस्कराते हुए ही करना चाहिए। कथा में बैतूल से पधारे कथा यजमान गीता भारती, रविशंकर, रामराज मौखेड़े ने श्रद्धा पूर्वक भागवत का पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने अनेक भजनों पर नृत्य भी किया।



# पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने व्यक्त किया शोक



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजसेवी एवं भाजपा नेता वैभव जैन के पिता के आकस्मिक निधन पर निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी ने गहरी संवेदना प्रकट की।

विधायक सैनी सोमवार को जैन परिवार के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज जैन परिवार के साथ खड़ा है।इस अवसर पर पंकज भटनागर, कवर सेन जैन, उमेश कुमार, सभासद अमित त्यागी, मुकेश अग्रवाल, भावेश गुप्ता, संजीव मिश्रा, विपिन काटका सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अधर में लटका खतौली का छाड़ियान मेला

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर का ऐतिहासिक एवं धार्मिक छाड़ियान मेला इस बार अनिश्चितताओं के घेरे में आ गया है।

नगर पालिका परिषद द्वारा अब तक छह बार नीलामी प्रक्रिया कराई जा चुकी है, लेकिन हर बार ठेकेदारों की उदासीनता से बोली निरस्त हो गई। स्थिति यह हो गई है कि मेला फाइल अब जिलाधिकारी के दरबार में पहुँच गई है।

करीब 50 साल से अधिक पुराना यह मेला हर वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर शुरू होता है और आस्था व परम्परा का प्रतीक माना जाता है। किंतु इस बार नगर पालिका की सुस्ती और 46.50 लाख रुपये तक बोली की शर्त ने आयोजन को अधर में डाल दिया है। ठेकेदार निर्धारित राशि तक बोली लगाने को तैयार नहीं हो रहे हैं।छठी नीलामी भी असफल रही तो सोमवार को पालिका सभागार में वार्ड सभासद भड़क उठे। उनका आरोप था कि धार्मिक आयोजन को पालिका ने राजस्व का साधन बना दिया है। उन्होंने मांग की कि जब बोली प्रक्रिया सफल नहीं हो रही है, तो परिषद स्वयं मेला आयोजित करे, जैसा कि पूर्व में होता आया है। हंगामे के बीच नगर पालिका चेयरमैन हाजी शाहनवाज लालू की गैरमौजूदगी भी चर्चा का विषय रही।

सभासदों ने कहा कि छह नीलामियों में चेयरमैन एक बार भी उपस्थित नहीं रहे, जबकि यह शहर का सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक आयोजन है। इस पूरे प्रकरण पर चेयरमैन हाजी शाहनवाज लालू ने सफाई देते हुए कहा कि वह लगातार प्रयासरत थे कि मेला तयशुदा राशि पर ही नीलाम हो। हआज की बोली आखिरी थी, इसमें जो 39 लाख रुपये की सर्वोच्च बोली आई है, उसे शासन को भेजा जा रहा है। शासन से जो भी निर्णय मिलेगा, उसी अनुरूप मेले का आयोजन कराया जाएगा।हस्थानीय लोगों का कहना है कि छाड़ियान मेला सिर्फ व्यापार नहीं बल्कि धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है। नगर पालिका को चाहिए कि वह जल्द स्थिति स्पष्ट कर मेले का आयोजन सुनिश्चित करे, ताकि वर्षों पुरानी परम्परा टूटने से बच सके।

## अलग-अलग मामलों में परिजनों ने दी तहरीर, नाबालिग समेत दो युवतियां लापता

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में युवतियों को बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायतें परिजनों ने पुलिस को दी हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

मीरापुर के मौहल्ला निवासी एक नाबालिग युवती का अमृतसर निवासी युवक संजू से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि संजू अपने साथी विशाल के साथ कस्बे में आया और युवती को बहला- फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री की बरामदगी की मांग की है। चूँकि मामला अलग-अलग संप्रदाय से जुड़ा है, इसलिए पुलिस विशेष सतर्कता के साथ जांच-पड़ताल कर रही है। उधर ग्राम बलीपुरा निवासी एक युवती का रिश्तेदारी में आए युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि उक्त युवक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता के पिता ने आरोपी आशीष पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम सांसीपुरा, थाना सरधना के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## धूमधाम से मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**चरथावल।** कस्बे में पावटी रोड स्थित सनशाइन एकेडमी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। विद्यालय के प्रिंसिपल रचना जैन ने बच्चों को उनके योगदान के बारे में बताया। चरथावल कस्बे के पावटी रोड स्थित सनशाइन एकेडमी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम ZAREENA से बदल कर JAREENA रख लिया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना आ जाए।

**JAREENA W/O FASEEULLA**
849, कुंगर पटटी सुजड़ू
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) 251003

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD ASJAD से बदल कर MOHD ASJAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना आ जाए।

**MOHD ASJAD S/O FASEEULLA**
849, कुंगर पटटी सुजड़ू
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) 251003

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा बेटा राजन व उसकी पत्नी आरती पत्नी राजन मेरे कहने सुनने में नही है और वह उन पर गलत आरोप लगाती है जबकि उससे कभी कोई दहेज की मांग नही की गई। 18 जून 2025 को मैने राजन व आरती को बंटवारा करके अलग कर दिया था। अब मेरा व मेरे परिवार का राजन व आरती से कोई सम्बन्ध वास्ता नही रहा है लेकिन इसके बाद भी वह परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। मेरी पत्नी रमेशों व परिवार के अन्य लोगों ने 18.08.2025 को आरती व राजन से अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**मुकुट सिंह पुत्र भारा**
**निवासी ग्राम पिनना थाना**
**कोतवाली नगर तहसील सदर**
**जिला-मुजफ्फरनगर।**

# आर्य समाज नई मंडी में सम्पन्न हुआ श्रावणी पर्व

**मुजफ्फरनगर।** आर्य समाज नई मंडी में श्रावणी पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें सर्वप्रथम देवयज्ञ हुआ ,इस यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संजीव रहे ,पुरोहित डॉक्टर राय साहब आर्य द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें आज के यजमान अजय कुमार गर्ग- गुंजन गर्ग, केतन शंकर शर्मा- शिवानी शर्मा, अनिल त्यागी- मंजू त्यागी रहे। यज्ञ में गण मान्य व बडी संख्या मेंआर्य जनों ने विश्व कल्याण के लिए अपनी आहुतियां प्रदान की ,यज्ञ के पश्चात ध्वजारोहण मुख्य अतिथि 'विकल्प जैन', सत्येंद्र आर्य प्रधान जिला सभा ,गुलवीर सिंह प्रधान, अतर सिंह आर्य का. प्रधान ,धर्मेंद्र सिंह(नीटू) मंत्री, प्रशांत शर्मा, वीरेंद्र सिंह, दीपक गोयल, अंकित आर्य अमोद कुमार, सोमनाथ जिज्ञासु सतवीर सिंह, आनंदपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि व महिलाओं में शकुंतला आर्या सरोज आर्या सुमन आर्या प्रतिभा आर्या बबीता आर्या आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर सिंह (कला विभाग) ने की ,संचालन कृपा शंकर शर्मा ने किया, भजनोपदेशक नरेश निर्मल द्वारा मधुर भजन प्रस्तुत किये,योगाचार्य भरत सिंह राठी ने मनुष्य जीवन का लक्ष्य ,आयु बढ़ाने के नियम, शास्त्रों का अध्ययन व श्रवण के बारे में बताया ,मुख्य वक्ता आयुषी राणा ने बताया वेद मार्ग ही सर्वोत्तम मार्ग है आज महिलाओं को सजग रहकर अपने बच्चों में संस्कार देकर संसार का उपकार कर सकती हैं ,यह पर्व स्वाध्याय दिवस के रूप में आदिकाल से बनाया जाता है।

यह चिंतन दिवस भी है क्योंकि दूसरों के दोष देखना बंद करके अपने दोषो का शमन करना ही और वेद मार्ग पर चलना श्रावणी पर्व है यह सभा सायंकाल 3:00 बजे से 7:00 तक भी चली। आप सभी का आह्वान किया जाता है अपने बच्चों व परिवार सहित आकर धर्म लाभ का उठाएं क्योंकि भगवान राम और भगवान कृष्ण की इस पावन भूमि पर आर्यो का साम्राज्य था जो विदेशियों द्वारा आक्रमण के पश्चात खंड-खंड कर दिया गया संसार में शांति की स्थापना केवल वेद के मार्ग पर ही चलकर आ सकती है महर्षि दयानंद ने निर्जीव आर्य (हिंदू) जाति को जगा कर यह देश आजाद करवाया और लाखों आर्यो ने इसमें अपने प्राणों की आहुतियां दी हम सब का कर्तव्य है कि हम उनके बलिदान को निरर्थक ने जाने दे और अपने देश की सुरक्षा ,विकास और संस्कार का काम करते रहें जिससे इस मानव जाति का कल्याण हो दोपहर की सभा के पश्चात ऋषि लंगर का आयोजन न ई मन्डी आर्य समाज द्वारा किया गया जिसमें काफी संख्या मे सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया



# अधिवक्ताओं ने ज्वाईंट कमिश्नर के सामने रखी समस्याएं



**मुजफ्फरनगर।** बेंच और बार के बीच जीएसटी कार्यालय राज्य कर विभाग में बैठक संपन्न हुई जिसमें विभाग की तरफ से जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक राजनाथ तिवारी और ज्वाइंट कमिश्नर विशेष जांच शाखा उपस्थित रहे अधिवक्ताओं ने जीएसटी विभाग की ओर से आ रही समस्याओं से अवगत कराया।

जिसमें मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान बनाना व्यापारी द्वारा बंद कराई गई फर्मो को शीघ्र बंद करना, रिफंड को जल्दी जारी करना, पेनल्टी तकनीकी त्रुटियों पर भी भारी पेनल्टी और पुराने मामलों में ब्याज वसूली।, अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं के साथ संवाद में पारदर्शिता एवं सम्मान की कमी, सभी अधिकारी बिना कोई नोटिस दिए हुए डीआरसी-07। आदेश पारित करके जीएसटी से राशि काट रहे हैं, जबकि यह मांग वैट से संबंधित है, पुराने मामलों में विभाग का रिकॉर्ड पूर्ण नहीं है। केवल आरसी जारी किया जाता है, सभी मामलों में अभिलेख (रिकॉर्ड) अधिवक्ता द्वारा ही उपलब्ध कराए जाते हैं। सभी समस्याओं को जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक एवं जॉइंट कमिश्नर विशेष जांच शाखा द्वारा ध्यान पूर्वक सुना गया निस्तांतरण का आश्वासन दिया बैठक में डॉक्टर एन के अरोरा एड., अध्यक्ष बार शलभ कौशिक, जनरल सेक्रेटरी असगर मेहंदी सलिल वत्स, रोहतास करनवाल, शहजाद आलम, निधीश गुप्ता, हर्षित गर्ग, हर्ष अरोरा, रवि अग्रवाल, अभिलाष गर्ग, डॉ. तस्लीम अहमद, मुकेश कुमार ढींगरा, सुधीर कुमार तायल, शलभ गर्ग, कृष्ण कुमार, अंकुर मैनी, जावेद सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम हमजा अली खां से बदलकर हमजा हैदर रख लिया है। भविष्य में मुझे हमजा हैदर पुत्र अहसान अली खां के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**हमजा हैदर पुत्र श्री अहसान अली खां,**
निवासी- मौहल्ला बेरियान, रंग महल, कस्बा जानसठ, थाना व तहसील जानसठ, जिला मु0नगर।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र पंकज को गलत चाल चलन के करण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद करता हूं।

**नरेन्द्र कुमार**
**पुत्र स्व. सगवा सिंह**
**निवासी गांव बरला**
**थाना छपार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**Name Changed**

**I, ISLAMAN W/O ISLAM ANSARI** R/O-**395, Near Jama Masjid, Village Bhopa P/s Bhopa, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.)** Have changed my name to **ISLAMAN ANSARI.**

# पिस्टल लोड न कर पाए दरोगा, तो अपराधियों से कैसे करेंगे मुकाबला?

## अर्धवार्षिक निरीक्षण में खुली लापरवाहियों की पोल, क्षेत्राधिकारी ने जमकर लगाई फटकार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्राधिकारी रामआशीष यादव ने सोमवार को खतौली थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान न केवल थाने के रजिस्टर और अभिलेखों की जांच की गई बल्कि पुलिसकर्मियों के असलहों की हालत और उनके रखरखाव का भी जायजा लिया गया।

निरीक्षण में कई ऐसी खामियां सामने आईं जिसने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए। सबसे बड़ी लापरवाही तब उजागर हुई जब एक चौकी प्रभारी अपनी पिस्टल तक लोड नहीं कर पाया। क्षेत्राधिकारी इस पर भड़क उठे और संबंधित अधिकारी को सख्त चेतावनी दी। सीओ ने निरीक्षण के दौरान मालगोदाम, क्राइम रजिस्टर, अभियोग रजिस्टर और थाने में रखे अभिलेखों को गहनता से परखा। कई जगह खामियां मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए। वहीं, चौकियों पर रखे भारी असलहों को चलवाकर भी उनकी स्थिति देखी गई। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ चौकी इंचार्ज अपने असलहे अपने पास लेकर नहीं चलते। इस पर क्षेत्राधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अपराधियों से मुकाबला करने के लिए पुलिसकर्मी को हर वक्त तैयार रहना चाहिए। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। निरीक्षण का सबसे चौंकाने वाला क्षण वह रहा जब एक चौकी प्रभारी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद भी अपनी पिस्टल लोड नहीं कर सका। यह देख सीओ ने नाराजगी जताई और सवाल दागा कि जब दरोगा अपनी पिस्टल ही लोड नहीं कर सकता तो अपराधियों से कैसे भिड़ेगा?ह्व उन्होंने निर्देश दिया कि हर दरोगा और चौकी प्रभारी नियमित रूप से असलहों की



प्रैक्टिस करें और ट्रेनिंग को हल्के में न लें। निरीक्षण के दौरान सीओ ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सावेरा और ऑपरेशन सील को लेकर भी पुलिसकर्मियों से सवाल-जवाब किए। उन्होंने अभियानों को और प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर दिया।निरीक्षण में सामने आई लापरवाहियों ने यह बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर दरोगा ही पिस्टल लोड न कर पाए तो अपराधियों से कैसे करेगा जनता की सुरक्षा।

# खाईखेड़ी मार्ग पर निरीक्षण में पाया गया ज्यादा कटाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** ग्रामीणों की शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने खाईखेड़ी मार्ग पर पहुंचकर पैमाइश की है। मार्ग जगह से ज्यादा कटाव पाया गया है।

तीन दिन पूर्व खाईखेड़ी के किसान ब्रजवीर की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई थी खाईखेड़ी के सैकड़ों ग्रामीणों ने पुरकाजी से खाईखेड़ी मार्ग का चौड़ीकरण में होने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। जिसके चलते ग्रामीणों ने खेत से शव उठने नहीं दिया था। एसडीएम ने खाईखेड़ी मार्ग की पैमाश कराकर समाधान का आश्वासन दिया था। सोमवार को दोपहर बाद राजस्व विभाग की टीम खाईखेड़ी मार्ग पर पहुंची जहां उन्होंने मार्ग की पैमाश की है।



ग्रामीण संजय त्यागी ने बताया कि इस मार्ग का चौड़ीकरण न होने से लगातार दुर्घटना हो रही है। शिकायत के बावजूद भी इसका चौड़ीकरण नहीं हो पाया था। पैमाश के दौरान मार्ग जगह से ज्यादा कटाव पाया गया है। पैमाश के दौरान राज्य विभाग से पवन कुमार पीडब्ल्यूडी विभाग के हिमांशु गुप्ता,लेखपाल सुरेश त्यागी लेखपाल प्रदीप कुमार लेखपाल,दीपक कुमार तरुण कुमार लेखपाल प्रदीप रमेश सतवीर व ग्रामीण,संजय त्यागी, जॉनी पाल निकुल त्यागी, नीरज त्यागी,सुमित पंडित, पोपिन कश्यप मौजूद रहे।

## भाजपा नेता के घर पर महिला का जमकर हंगामा

**छपार।** क्षेत्र के एक गांव निवासी भाजपा नेता के घर पर एक महिला ने जमकर हंगामा किया लेकिन भाजपा नेता ने घर का दरवाजा नहीं खोला। महिला ने पुलिस को भी मौके पर बुलाया लेकिन उसे वापस ही लौटना पड़ा। रविवार की रात्रि में लगभग साढ़े नौ बजे एक महिला भाजपा नेता के मकान पर पहुंची ओर दरवाजा खुलवाने को लेकर घंटों हंगामा किया। छपार पुलिस को महिला ने मौके पर बुलाया उसका कहना है वह उक्त नेता की पत्नी है ओर पिछले बारह वर्ष से सम्पर्क में हैं ओर दिसंबर माह में उनकी शादी भी हो चुकी है। वह अब उसके साथ गाव में ही रहना चाहती है ।बरला चौकी पुलिस ने भाजपा नेता से बात की लेकिन घर का दरवाजा नहीं खुला ओर उसे वापस लौटना पड़ा।

# साईबर क्राईम रोकने के लिए करेंगे व्यापारियों को शिक्षित

**मुजफ्फरनगर।** शासन के द्वारा आदेशित प्रतिमाह व्यापारियों की क्राइम संबंधी समस्या सुनने के लिए पुलिस लाइन में बैठक हुई बैठक नोडल अधिकारी एसपी क्राइम ने ली बैठक में बव मंडी राजू साव साइबर क्राइम ेप गौरव व साइबर क्राइम प्रभारी सुल्तान सिंह भी उपस्थित रहे उन्होंने व्यापारियों को साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी बैठक में सभी व्यापार मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित हुए व्यापारी ने क्राइम से संबंधित अपनी समस्याएं उनके सामने रखी नोडल अधिकारी ने कहा कि आप साइबर क्राइम से बचाव के लिए अपने व्यापार मंडल के स्तर से बैठकर भी कर सकते हैं जिसमें हम आकर के जानकारी देंगे पिछली बैठक में उठी



उन्होंने बताया की कुछ समस्याओं का निराकरण कर दिया गया है बाकी क्योंकि कावड़ का समय आ गया था अभी जल्दी ही उनका निराकरण कर दिया जाएगा। बैठक में सदर बाजार में व्यापारी के साथ ही मारपीट का मुद्दा भी उठा जिस पर उन्हें जल्दी कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्राइम बैठक में संजय मित्तल, अजय सिंगल, विश्वदीप गोयल ,नीरज बंसल, पुनीत सिंघल, अनुराग सिंगल, मनोज पुंडीर, अविरल मित्तल, राकेश त्यागी, सुरेंद्र मित्तल, कप्तान सिंह, सरदार सतपाल सिंह, संदीप जैन, दीपक शर्मा, विजय छाबड़ा, सरदार गुरु वचन सिंह, सहित काफी व्यापारी उपस्थित रहे।

# किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

## रविवार की देर रात पीठ बाजार में हुई थी घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में कल देर शाम नाबालिग किशोरी से पीठ बाजार में हुई छेड़छाड़ की घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तेरह वर्षीय किशोरी गांव के में लग रही साप्ताहिक पैठ में सब्जी लेने गई थी आरोप है कि वहां पर एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर रात्रि में ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने हेड कांस्टेबल अजीत कुमार के साथ मिलकर आरोपी मन्नू पुत्र इंद्राज निवासी डेहरा थाना देवबन्द को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# निधन पर अधिवक्ता के परिजनों को देंगे 51 हजार

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के होल में आज सोमवार को एक शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर अधिवक्ताओं ने मृतक अधिवक्ता की आत्मा की शांति हेतू ईश्वर से प्रार्थना की। बार ने एक नई पहल शुरू करते हुए घोषणा की है कि मृतक के परिजनों को 51 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता राणा स्वतंत्रावीर आर्य की बीते 15 अगस्त की शाम करीब 4 बजे तबीयत खराब हुई थी। जिसके चलते बार से जुड़े अन्य सभी अधिवक्ताओं ने श्री राणा को कस्बे के एक निजी डाक्टर के यहां भर्ती कराया मगर तबियत में सुधार न होने के कारण उन्हें मेरठ रेफर किया गया। बार के कुछ अधिवक्ता



बीमार अधिवक्ता श्री राणा के साथ मेरठ गए लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राणा की मौत की सूचना से बार के सदस्यों में शोक की लहर दौड गयी। बुढ़ाना बार के महासचिव ओमपाल मलिक ने बार सदस्यों की सराहना करते हुए बताया कि श्री राणा की अंत्येष्टि के दौरान लगभग 40 अधिवक्ता रहे जब कि ऐसा कभी नहीं हुआ। शोक सभा में 2 मिनट के मौन के बाद बार के अध्यक्ष विनोद त्यागी ने ऐलान किया कि बार द्वारा आज से एक नई पहल भी शुरु की जा रही है। जिसमें मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 51 हजार रुपए की सहायता धनराशि दी जाएगी। इस पहल का सभी ने स्वागत कर बार अध्यक्ष श्री त्यागी और महासचिव की सराहना की।

## सलारपुर में लगाया निःशुल्क कैंप

# कैम्प में 560 मरीजों को निःशुल्क दवाई की गई वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव सालापुर मे बरसात के मौसम को देखते हुए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। क्योंकि बरसात के बाद पानी के भराव आदि की वजह से लोग बीमार पढ़ने शुरू हो जाते हैं। जिसको लेकर भारत हॉस्पिटल जानसठ के चिकित्सकों द्वारा एक निशुल्क कैंप का आयोजन ग्राम सलारपुर में किया गया। कैंप में कुल 560 मरीज को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

क्षेत्र के गांव सलारपुर में भारत हॉस्पिटल जानसठ के द्वारा एक निशुल्क कैंप का आयोजन जुनैद मंसूरी के प्रतिष्ठान पर किया गया। कैंप का उद्‌घाटन ग्राम पंचायत सलारपुर के प्रधान राजू धीमान ने फीता काटकर किया। जिसमें डॉक्टर अभिषेक वह डॉक्टर अंजलि लाम्बा ने कुल 560 मरीज को नि:शुल्क दवाइयां वितरित करते हुए बताया कि बरसात के मौसम के बाद जल भराव आदि की समस्या से डेंगू मलेरिया आदि बीमारी शुरू हो जाती है। साफ सफाई के द्वारा इन रोगों का रोकथाम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार खांसी जुकाम होने पर चिकित्सक की सलाह से ही दवाइयां लेनी चाहिए। इस संबंध में पूरी जानकारी गांव के लोगों को दी गई। डॉ अंजलि लाम्बा ने गर्भवती महिलाओं को बताया कि उनको समय-समय पर अपने चेकअप कराने चाहिए साथ



ही खाने-पीने का ध्यान भी रखना चाहिए। ग्राम प्रधान राजू धीमान वह गांव के गणमान्य लोगों ने भारत हॉस्पिटल के चिकित्सक वह गांव में प्रेक्टिस करने वाले चिकित्सकों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान ओमपाल प्रजापति, मुकेश, इशरत हुसैन, नौशाद अब्बासी, आबिद अंसारी, मोहित, डॉक्टर कामिल, डॉ मोनीश, डॉ एस के शर्मा, डा आदेश, डॉ शकील, डॉ आलिम भी मौजूद रहे।

# श्रीराम कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया चेयरमैन डा.कुलश्रेष्ठ का 75वां जन्मदिवस

**मुज़फ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, में 79वाँ स्वतन्त्रता दिवस एवं चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ का 75वाँ जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज, सासाराम, बिहार ने की। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान की शुरुआत की और अपने प्रेरक संबोधन में स्वतंत्राता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ. एस.एन. चौहान निदेशक, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, टी.एस. रावत, प्रेसिडेंट, श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ, डॉ. अश्वनी कुमार प्राचार्य, श्रीराम पॉलिटेक्निक, संकल्प कुलश्रेष्ठ सचिव, एसआरजीसी, मुक्ता कुलश्रेष्ठ, प्रेसिडेंट, एसआरजीसी-एकीकृत परिसर, सुधा मजुमदार उपाध्यक्ष, श्रीराम कॉलेज, डॉ. गिरेन्द्र गौतम निदेशक, श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, डॉ. मोहम्मद आरिफ संयुक्त सचिव, एसआरसी प्रबंधन समिति, डॉ. अंजु वालिया निदेशक, आईआईएमटी, सहारनपुर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



छात्रा-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ का जन्मदिवस पूरे श्रीराम समूह के परिवार ने मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उनके अब तक के योगदान और शैक्षिक क्षेत्रा में दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन को स्मरण किया गया। चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए छात्रों से अनुशासन, ईमानदारी एवं परिश्रम

# मक़ातिब हमारे बच्चों के ईमान की हिफ़ाज़त का ज़रिया: कासमी

**बुढ़ाना।** जमियत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना के खिदमतगुज़ारों का एक वफ्द कस्बे के मंडी मोहल्ला स्थित मक़तब अब्दुल हई का जायज़ा लेने पहुंचा। मक़तब अपनी शान ओ शौकत के साथ कामयाबी की तरफ़ बढ़ रहा है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि मक़ातिब देखने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन हक़ीक़त में इनका काम बहुत बड़ा है। हाफ़िज़ अय्यूब त्यागी ने कहा कि ये छोटे छोटे बच्चे अल्लाह का कलाम पढ़ते हैं और इसमें उन सभी लोगों का हिस्सा है जो भी मक़तब की मदद करते हैं। बुढ़ाना के मशहूर आलिम ए दीन मुफ्ती महताब आलम क़ासमी ने कहा कि अल्लाह तआला ने अपने कलाम की हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी खुद ली है और यह छोटे बच्चों के सीने में



क़ुरआन को महफ़ूज़ करके उसकी हिफ़ाज़त करता है जो किसी मौजिज़े से कम नही। उन्होंने कहा कि यही हमारी आख़िरत का सहारा है।घ जब बच्चे पढ़ेंगे लिखेंगे तो दुनिया और आख़िरत दोनों में कामयाब होंगे। यहां मस्जिद के इमाम ख़तीब हाफ़िज़ मोहम्मद ताहिर, हाजी रहीस बैट्री, लियाक़त अमीर, अजमल, मास्टर हुसैन, तहसीन, नौशाद, शहज़ाद, अकरम, मक़र्रम, डॉक्टर मुफ़ीद, साबिर, तौसीर, शाहवेज़, हाफ़िज़ आशिक़ इलाही, वली मोहम्मद, नसीम, नदीम, फिरोज़, अब्दुल सत्तार, यास्मीन, मौहम्मद दानिश व अनवर त्यागी अन्य ज़िम्मेदार मौजूद थे। मुफ़्ती महताब आलम क़ासमी की दुआ पर प्रोग्राम का समापन हुआ।

## छपार टोल पर भाकियू ( अ )

# कार्यकर्ताओं का हंगामेदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** मेरठ के भूनी टोल पर कर्मियों द्वारा सेना के जवान की पिटाई करने व जान से मारने की कोशिश करने पर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने छपार टोल पर प्रदर्शन किया ओर थानाध्यक्ष को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर हमलावरों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। सोमवार को भाकियू अराजनैतिक के मंडल महासचिव विपिन त्यागी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता हाइवे के छपार टोल पर पहुंचे ओर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा उन्होंने ज्ञापन में कहा कि मेरठ के भूनी टोल पर सेना के जवान की टोल कर्मियों ने लाठी डंडों से निर्मम पिटाई की ओर जान से मारने का प्रयास किया जो बहुत ही शर्मनाक व निंदनीय घटना है उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि सभी दोषी आरोपियों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए ओर सख्त से सख्त कार्रवाई हो अगर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई न हुई तो संगठन पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा। अंकित जावला, सुधीर शर्मा,बाबर, फरमान, राजीव सहरावत,हर्षदीप त्यागी, अब्दुल्ला व अयान अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा नगराध्यक्ष के यहां पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष

# ताज का बढ़ा कद तो फूले नहीं समाए समर्थक

**बुढ़ाना।** कस्बे की राजनीति में समाजवादी पार्टी बुढाना के नगर अध्यक्ष ताज ज़िया नंबरदार का कद उस समय और भी अधिक मज़बूत हो गया जब वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल के द्वारा आयोजित पीडीए जन महापंचायत के कामयाब होने से गदगद हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया के आवास पर पहुंचे।

उन्होंने ताज जिया और उनके समर्थकों से मुलाक़ात की। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का ज़ोरदार स्वागत किया। ताज ज़िया ने अपने साथियों के साथ मिलकर ढोल नगाड़ों की धुन पर जश्न मनाते हुए प्रदेश अध्यक्ष का वेलकम किया। पूरे क्षेत्र में माहौल उत्साहपूर्ण रहा और समर्थकों ने नारेबाज़ी कर समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पाल ने कहा कि ताज ज़िया नंबरदार जैसे समर्पित और सक्रिय साथी पार्टी की असली ताक़त हैं। बुढ़ाना जैसे क्षेत्रों में सपा का मज़बूत ढांचा इन्हीं कार्यकर्ताओं के भरोसे खड़ा है। पार्टी में



मेहनती कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया जाएगा। ताज ज़िया ने प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ये मुलाक़ात हमारे लिए ऊर्जा देने वाली है। हम सपा के सिद्धांतों व अखिलेश यादव के सपनों को पूरा करने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से ये तो स्पष्ट हो गया है कि बुढ़ाना में ताज ज़िया का राजनीतिक कद बढा है व उनकी लोकप्रियता कार्यकर्ताओं में और भी गहरी होती जा रही है।

# किसान सेना की मीटिंग आयोजित



**चरथावल।** किसान सेना की एक मीटिंग क्षेत्र के गांव न्यामु मे आयोजित की गयी मीटिंग मे जहाँ विभिन्न मुद्दों सहित किसान हितो के लिए और किसानो के शोषण को रोकने के लिए गंभीर चर्चा की गयी वही गांव न्यामु निवासी फाज्जा त्यागी को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया इसके अलावा विभिन्न मुद्दों को लेकर आगे की रूपरेखा भी तैयार की गई मीटिंग मे इसरार त्यागी वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष मोहम्मद मुरसलीन, जिला अध्यक्ष डॉक्टर उस्मान प्रधान, पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र त्यागी सुरेंद्र त्यागी सरताज फरमान आशु आदि अनेको किसान मौजूद रहे

# कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर करेगी संगठन सृजन का कार्य

**बुढ़ाना।** कांग्रेस पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जावेद उस्मानी के काज़ीवाडा मौहल्ले में स्थित आवास पर आज सोमवार के दिन सम्पन्न हुई।

जिसमें कई कांग्रेसियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान मीटिंग में बोलते हुए कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जावेद उस्मानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हाईकमान के आदेश अनुसार समूचे मुजफ्फरनगर जिले में जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया के निर्देशन में संगठन सृजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ब्लॉक स्तर पर गांव दर गांव जाकर बूथ और मंडल पर संगठन सृजन का कार्य करेगी। बुढ़ाना ब्लाक और शाहपुर ब्लॉक पर अलग अलग कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप



दी गई है तथा मंगलवार के दिन से इस पर कार्य शुरू करने का भी फैसला किया गया है। इस बैठक में संगठन को भी मजबूत करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से मुखिया सलीम राणा, भावी प्रत्याशी जिला पंचायत आकिल राणा, वकील राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस शकील अहमद, नाजिम अहमद, आमिर उस्मानी जिला महासचिव यूथ कांग्रेस, शोएब अहमद, कल्लू अहमद और आफताब अहमद सहित अन्य कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

# खतौली मोड़ तक ओवर ब्रिज बनाने की मांग

## उद्योग व्यापार मंडल करेगा प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ईकाई बुढाना रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने आज मंगलवार के दिन मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि केंद्र सरकार के द्वारा कस्बा बुढ़ाना के चौधरी चरण सिंह तिराहे से लेकर खतौली मोड तक एक ओवर ब्रिज बनवाया जाए क्योंकि अब यहां उपरोक्त मार्ग पर मुजफ्फरनगर, बड़ौत, कांधला, कैराना और खतौली मार्ग की बसें पूरे दिन में सेंकड़ों की संख्या में गुजरती है। जिसमें अन्य वाहन भी हैं। जिसके चलते यहां पर पूरे दिन जाम लगा रहता है। जब शुगर मिल चलता है तो जाम में और भी इजाफा हो जाता है। जिसमें आने जाने वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यहां के लिंक रोड लुहसाना मार्ग, मंदवाडा मार्ग और सफीपुर पटी मार्ग पर जाने वाले लोगों को तो बड़ी ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पैदल चलने वालों को सड़क पार करने में कई कई मिनट हो जाते हैं। इसलिए जनहित में उक्त मार्ग पर ओवर ब्रिज बनाया जाए।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुनीम व चालक से हुई लूट की घटना का अनावरण, 25 हजारी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एसओजी टीम व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में सिम्भालका बाईपास पर धागा व्यापारी के मुनीम व चालक से हुई लूट की घटना में वांछित 25,000/-रूपए का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गई नकदी 50,000/-रुपए बरामद किया है।



थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत सिम्भालका बाईपास पर मेरठ से पानीपत जाते समय पानीपत निवासी धागा व्यापारी के ड्राईवर सतनाम पुत्र दर्शन निवासी नूर वाला थाना जनपद पानीपत व मुनीम अनिल पुत्र स्वरूप निवासी कहलपा थाना बडौदा जनपद सोनीपत से भारत सरकार लिखी बुलेरो सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्वंय को जीएसटी अधिकारी बताकर चेकिंग के लिए गाड़ी रुकवाकर रूपए लेकर थाना किला जनपद पानीपत हरियाणा में आने की बात कहकर चले गए है। सूचना पर तत्काल पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर व अन्य सभी उच्चाधिकारीगण, थाना कोतवाली शामली पुलिस, एसओजी सर्विलांस, फील्ड् यूनिट की टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए। एसओजी टीम शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण मोहित, शुभम उर्फ गौरव, अमरजीत, गुलशन, रवि को बाद पुलिस मुठभेड़ लूटी गई नगदी 10 लाख रूपए, अवैध हथियार-कारतूस एवं गाड़ी सहित व 1 जुलाई को अभियुक्त राहुल को पुलिस मुठभेड़ में लूटी गई नगदी, अवैध हथियार-कारतूस व मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया था तथा अभियुक्त रोहन भाटी द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था। अभियुक्त रोहन को पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर लेकर लूटी गई नगदी बरामद की गई थी तथा 28 जुलाई को हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त लुकमान उर्फ लुक्की पुत्रजमशेद निवासी ग्राम भनवाड़ा थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । गठित टीमों द्वारा घटना में लिप्त शेष अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी । इसी क्रम में 17 अगस्त की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक शामली व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे चोरी लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा लूट की घटना में वांछित 25,000/-रूपए का ईनामी अभियुक्त विक्की उर्फ विकास कुमार पुत्र महावीर सिह निवासी कस्बा टटीरी थाना कोतवाली जनपद बागपत को लूट गई नगदी 50,000 रुपए सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त विक्की उर्फ विकास कुमार पुत्र महावीर सिह निवासी कस्बा टटीरी थाना कोतवाली जनपद बागपत है। इसके पास से लूटी गई नकदी 50,000/- रूपए बरामद हुआ है।





# मूसलाधर बारिश के बाद जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को तड़के आई मूसलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में जलभराव हो गया। बाजारों में व्यापारियों की दुकानों और गली मौहल्लों में लोगों के घरों तक में पानी भर गया। बारिश इतनी तेज थी कि शहर के कई स्थानों पर बारिश रूकने के दो घंटों के बाद भी जलभराव नही निकल सका। जलभराव के कारण वाहन चालकों को परेशानियां हुई और वह दूसरे रास्तो से निकलने को मजबूर दिखे।

रविवार देर रात्रि उमस भरी गर्मी से लोगों को खासा परेशानियां हुई। उसम बढने से तापमान भी बढ गया था, लेकिन सोमवार तड़के अचानक मौसम करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए और मूशलाधार बारिश शुरू हो गई।

करीब एक घंटा चली मूशलाधार बारिश से पूरे शहर में जलभराव हो गया। बारिश इतनी तेज थी कि मात्र एक घंटे की मूशलाधार बारिश के बाद शहर के मौहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, बरखंडी रोड, कलंदरशाह, कैराना रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, कबाडी बाजार आदि स्थानों पर जल भराव होने से नागरिकों को जलभराव के कारण दिक्कते हुई। मूशलाधार बारिश ने नगर पालिका के विकास कार्यो की पोल खोलकर रख दी। शहर के सब्जी मंडी नाला पटरी, नगर पालिका रोड, धीमानपुरा, माजरा रोड़ यह कई स्थान ऐसे थे, जहां बारिश के दो घंटे के बाद भी पानी भरा रहा और लोगों को परेशानियां का सामना करना पडा।

शहर के नेहरू मार्किट और कबाडी बाजार में दुकानदारों ने दुकानों तक में पानी भर गया, जिससे हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। शहर के बरखंडी रोड पर तो सडक पर पानी दोपहर तक भरा रहा। दुकानदारों का कहना है कि इस वर्ष जितनी बारिश हो रही है पिछले कई सालों में इतनी बारिश नही हुई। कबाडी बाजार और माजरा रोड से बारिश के दो घंटे के बाद भी पानी नही निकला। जिससे दुकानों की दुकाने भी देरी से खुली।बारिश के बाद बाजार में ग्राहक भी नही पहुंचे और दुकानदार दिनभर दुकानों के बाहर साफ सफाई करते दिखाई दिए। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा शहर में कोई विकास कार्य नही कराए जा रहे है। सिर्फ विकास कार्यो के नाम पर बोर्ड लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होने सडकों का निर्माण कराने के साथ साथ नाले और नालियों का निर्माण कराने की मांग की है। नाले में गंदगी अटी पडी है। नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नही है।

## फर्जी शिकायत कर रुपयों की ठगी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति पर फर्जी शिकायते कर रूपयों की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीडित ने बताया कि वह 30 हजार रूपये दे चुका है और अभी भी 40 हजार की डिमांड की जा रही है। डीएम ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ निवासी सतेन्द्र पुत्र केशोराम ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में एक सरकारी तालाब है। जिसको मत्स्य पालन के लिए ले रखा है। जिसका लगान भी समय से जमा किया जाता है, लेकिन रामेश्वर आए दिन फर्जी शिकायते कर मानसिक रूप से परेशान करता है। आरोप है कि रामेश्वर फर्जी शिकायते उससे 30 हजार रूपये की वसूली कर चुका है और आगे तालाब की निरस्त करवाले की धमकी देते हुए 40 हजार रूपये की डिमांग कर रहा है। यही नही अधिकारी से वसूली की शिकायत करने पर धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने जान माल का खतरा जताते हुए जिलाधिकारी से मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है। डीएम ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने की सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी शामली, अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील शामली में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 34 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सीएमओ डॉ अनिल कुमार,पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, तहसीलदार शामली सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कैराना।** एडीएम ने कैराना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनीं। इस अवसर पर 14 शिकायतों में से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। विगत शनिवार को जन्माष्टमी पर्व का अवकाश होने के चलते सोमवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी शामली सत्एंद्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर एडीएम ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम निधि भारद्वाज, सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह आदि मौजूद रहे। तहसील ऊन में तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलदार के समक्ष मात्र 05 शिकायतें आईं जिनमें से मोके पर 01 शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला का संपूर्ण समाधान दिवस में हंगामा



**शामली। अपनी मांग को लेकर हंगामा करती महिला।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ओडिशा निवासी एक महिला ने अपने पुत्र के ईलाज के लिए धनराशि की मांग करते हुए सोमवार को कलक्ट्रेट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमकर हंगामा किया। महिला ने बताया कि वह कैराना सांसद इकरा हसन से आर्थिक सहायता के लिए आई थी, लेकिन सांसद नही मिली तो वह जिला प्रशासन से गुहार लगाने के लिए पहुंची है। बाद में डीएम के आदेश पर कर्मचारियों ने अपने निजी जेब खर्च से रूपया एकत्रित कर महिला को सौंपा है। ओडिशा निवासी बबीता सोमवार को अपने पुत्र गौरव के साथ शामली कलक्ट्रेट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। जहां उसने डीएम एसपी के समक्ष बताया कि वह कैंसर से पीडित है और मेलों में लगने मौत के कुएं में कार्य कर जीवन यापन करती थी, लेकिन उसके छोटे पुत्र गौरव को भी गंभीर बीमारी हो गई है, जिसके ईलाज के लिए उसके पास पैसा नही है। वह शामली कैराना सांसद इकरा हसन से मदद के लिए आई थी, लेकिन सांसद नही मिली। जिला अस्पताल में पुत्र को दिखाया, लेकिन वहां से भी उसको गंभीर बीमारी के चलते रेफर कर दिया गया। अब वह दिल्ली जाकर पुत्र का ईलाज कराना चाहती है, लेकिन उसके पास पैसा नही है।

एसपी ने महिला से आधार कार्ड मांगा तो महिला आधार कार्ड नही दिखा सकी। जिस पर उसके बंगलादेशी होने का पुलिस को शक हुआ तो उसके कागजात की जांच पडताल भी की गई। बाद में डीएम के अग्रह पर कलक्ट्रेट के कर्मचारियों ने अपने निजी खर्च से पैसा एकत्रित कर महिला को दिए, जिसके बाद महिला अपने पुत्र को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। इस दौरान महिला द्वारा बंगलादेशी बताए जाने पर हंगामा भी किया गया।

# मरियम खान ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अस्मिता खेलो इंडिया महिला किकबॉक्सिंग लीग का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 16 व 17 अगस्त को इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल लखनऊ में कराया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। शामली जिले से 4 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से मरियम खान ने 55 किलो वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन किया।




साथ ही दीपा ने सिल्वर व सान्या सिंघवाल ने सब जूनियर कैटेगरी के-50 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुशील कौशिक ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सभी राज्यों के लगभग 50 शहरों में इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में सभी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी आने वाली अस्मिता नेशनल महिला किक बॉक्सिंग इंडिया लीग के लिए किया जा रहा है।

मरियम खान जलालाबाद कस्बे की रहने वाली है तथा 2 साल से किकबॉक्सिंग खेल की प्रैक्टिस कर रही हैं। अपनी स्कूल की पढ़ाई करने के बाद मरियम खान अपने खेल से जुड़े सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

मरियम खान के कोच व किकबॉक्सिंग एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुशील कौशिक ने बताया कि इन दो सालों में मरियम खान में अनेक अलग-अलग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए हैं।

## तीन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक व कलपुर्जे बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हेमन्त मलिक पुत्र नरेश मलिक निवासी ग्राम कुरावा थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर की मोटर साइकिल को चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में तथा 31.7.2025 को कौशल पराशर पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी चरण सिंह कालोनी थाना आदर्शमडी जनपद शामली की दो अज्ञात चोरो द्वारा उसकी साइकिल चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम द्वारा चलाए जा रहे चोरीध्लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल साइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त तीन चोर को चोरी की हुई मोटरसाइकिल के कलपुर्जे, अवैध चाकू व नगदी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण मोन्टू उर्फ ब्रिजेश गुप्ता पुत्र विजेन्द्र कुमार निवासी गली न0 09 रतन नगर बागपत रोड थाना टी0पी0 नगर जनपद मेरठ व राहुल पुत्र रामपाल निवासी मुल्तान नगर गली न0 -01 थाना टी0पी0 नगर जनपद मेरठ, शहजाद उर्फ भूरा पुत्र यामीन निवासी शकील मार्केट, मो0 मलियाना मदरसे के पास, थाना टी0पी0 नगर जनपद मेरठ है।

# विव्रत सागर की प्रवचन सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर ने प्रवचन करते हुए बताया कि भगवती आराधना ग्रंथ, जिसे आचार्य शिवकोटि ने लिखा है। पहला ऐसा ग्रंथ है जो मुनियों की जीवनचर्या और अंत समय में समाधिमरण की प्रक्रिया दोनों का वर्णन एक साथ करता है। अन्य ग्रंथ या तो केवल चर्या पर केंद्रित थे या केवल समाधि पर। यह ग्रंथ इस बात पर जोर देता है कि उत्तम जीवनचर्या ही सफल समाधि का आधार है।

सोमवार को उन्होने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग अक्सर सोचते हैं कि समाधिमरण अंत समय में बिना जीवन भर की साधना के भी मिल सकता है। जो एक गलत धारणा है। समाधिमरण केवल आशीर्वाद मांगने से नहीं मिलता। यह मुनिचर्या से भी ऊपर की एक महान साधना है। जिसके लिए पूरे जीवनभर कठोर अभ्यास और समर्पण की आवश्यकता होती है।

आचार्य कहते हैं कि यदि मुनिराज जीवनभर निर्दोष चर्या का पालन करते हैं लेकिन समाधिमरण नहीं कर पाते, तो उन्हें अधिकतम 32 भव तक संसार में रहना पड़ सकता है।

वहीं, जिसने जघन्य समाधिमरण भी धारण कर लिया, उसके अधिकतम 8-9 भव ही संसार में होते हैं, और उत्कृष्ट समाधिमरण करने वाले को पंचम काल में केवल एक या दो भव ही लेने पड़ते हैं, जिससे वह शीघ्र मोक्ष प्राप्त कर सकता है। यह दर्शाता है कि समाधिमरण, मुनिचर्या से भी ऊपर की आध्यात्मिक उपलब्धि है। उन्होने कहा कि समाधिमरण कोई हंसी खेल नहीं हैय यह एक गंभीर साधना है जिसकी भावना और अभ्यास जीवनभर करना पड़ता है।

यह एक विद्यार्थी के वर्षभर के परिश्रम के समान है, जिसे परीक्षा में सफलता पाने के लिए निरंतर पढ़ाई करनी होती है, न कि केवल अंत समय में आशीर्वाद मांगना होता है। जीवन के अंतिम समय में शरीर शिथिल हो जाता है, ऐसे में जीवनभर की साधना का निचोड़ ही काम आता है। इस अवसर पर महेश जैन, सम्यक जैन, नीलम जैन, मोर्हित जैन, महेश जैन, संजीव जैन, संजय जैन, विपुल जैन, सचिन जैन, प्रवीन जैन, अनीता जैन, सुनीता जैन, सुमित्रा जैन, रेखा जैन, कुमुद जैन, प्रीति जैन मौजूद रहे।

## हादसे में दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे गोल चक्कर के निकट तेज गति से आ रहे ईट से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मारी दी। कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मेरठ के कस्बा मवाना निवासी शहजाद, नदीम पुत्रगण अब्दुल सत्तार सोमवार को क्रेटा कार द्वारा लुधियाना जा रहे थे। मेरठ करनाल हाईवे स्थित गोल चक्कर पर दूसरी दिशा से तेज गति से आ रहे ईंटों से भरे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां पर घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

# हथनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बना ग्रामीणों की परेशानी

## अलर्टः यमुना में बढ़ा जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सोमवार दोपहर करीब एक बजे हथनीकुंड बैराज से 60 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे पहले सुबह लगभग 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका था। लगातार पानी छोड़े जाने से यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। देर रात तक पानी यमुना किनारे बसे गांवों में पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।



**दहशत में ग्रामीण**

पानी की आमद ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दहशत के माहौल में ग्रामीण खुद ही पेड़ काटकर और उन्हें किनारों पर डालकर जलधारा को मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि घर और बच्चे सुरक्षित रह सकें। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और विभागीय अधिकारी न तो मौके पर पहुंचे हैं और न ही फोन कॉल का जवाब दे रहे हैं।

**ग्रामीणों की पीड़ा**

भडी गांव के निवासी फरमान ने बताया, हहमने कई बार जल संसाधन विभाग को फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। हम अपनी तरफ से ही बच्चों और घरों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।ह ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करे, वरना जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**विभागीय कार्रवाई**

हालांकि, दोपहर बाद सिंचाई विभाग के जेई रामकुमार और उनकी टीम मौके पर पहुंची और कटान रोकने का प्रयास किया। रामकुमार का कहना है कि फिलहाल हालात सामान्य हैं और अभी तक किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। रात में कटान रोकने के लिए ग्रामीणों ने भी खुद व्यवस्था की है।

**प्रशासन की सक्रियता**

खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और राजस्व विभाग की तीन सदस्ईय टीम को मौके पर भेजा गया। टीम में अश्वनी शर्मा और नागेंद्र शर्मा शामिल हैं, जो लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जरूरत के अनुसार मदद भी उपलब्ध करा रहे हैं।

**राहत कार्य की मांग**

ग्रामीणों का कहना है कि पानी की रफ्तार और स्तर दोनों बढ़ते जा रहे हैं। जल्द इंतजाम नहीं किए गए, तो गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। लोग प्रशासन से नाव, रेत से भरे बोरे और सुरक्षित ठिकानों पर शरण की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा चिंता बनी हुई है।

## चारों ओर सड़कों पर जभराव से लोग हलकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सोमवार सुबह जमकर वर्षा हुई जिससे कस्बे के चारों तरफ सड़कों पर जल भराव हो गया जिससे कस्बे वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार सुबह लगभग 2 घंटे तेज बारिश हुई जिससे कस्बे के मुख्य मार्ग पर जल भराव हो गया कस्बे में चारों तरफ से आने वाले मार्ग लगभग सभी पर जल भराव की स्थिति हो गई ।पिंडोरा रोड ,जूनियर हाई स्कूल,पीएनबी बैंक, डीएवी इंटर कॉलेज ,स्टेट बैंक,बस स्टैंड से बाजार जाने वाली सड़क सभी सड़कों पर जल भराव देखने को मिला।जल भराव का मुख्य कारण कस्बे के सभी तालाबों पर अवैध कब्जा व सरकारी नालों पर अतिक्रमण तथा पॉलिथीन देखा जा रहा है। कस्बे में सरकारी नालों पर जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया गया है तालाब भी अपने अस्तित्व को खोते जा रहे है तथा पॉलिथीन का प्रयोग भी लगातार किया जा रहा है पॉलिथीन की वजह से नाले अटे पड़े रहते हैं जिसे रोकने के लिए नगर पंचायत अभियान चलाकर खानापूर्ति करती हुई दिखाई देती है। जल भराव एवं साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण कस्बे में मच्छरों की भरमार हो गई है अभी तक नगर पंचायत द्वारा मच्छरों की रोकथाम हेतु छिड़काव नहीं किया गया है जल भराव से कस्बे के लोगों को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाइव वीडियो वायरल, छह का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत में खेत पर लगाए गए जामुन के पेड़ लगाने व उखाड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए जिसका वीडियो किसी ग्रामीण ने इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी जमशेद और आलिम दोनों खेत के पड़ोसी हैं।

जमशेद ने कई दिन पूर्व अपने खेत पर दर्जनों जामुन के पेड़ लगाए थे आलिम पक्ष का आरोप है कि पड़ोसी ने पेड़ खेत की मेड़ से लगाकर लगा दिए, जिस कारण आने वाले दिनों में उसकी फसल को भारी नुकसान होना तय था। सोमवार सवेरे दोनों पक्षों के लोग अपने-अपने खेत पर पहुंच गए आरोप है की आलिम पक्ष के लोगों ने सभी पेड़ उखड़ कर फेंक दिए। जिसको लेकर दोनों पक्षों के लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आगे और देखते-देखते दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के बीच में



खूनी संघर्ष का लाइव वीडियो किसी ग्रामीण ने इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया। झगड़े में एक पक्ष से इसरान व मेहरबान घायल हो गए तो दूसरे पक्ष से गुलजार एवं मुबारक घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के लोगों ने अपना अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से मुरसलीन,इमरान, व अनम एंव दूसरे पक्ष से आलिम, राशिद, शाकिर, को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी 6 लोगों को गिरफ्तार पर चालान कर दिया है आगे की कार्रवाई की जा रही है ।






## चाकू में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस ने थाने के जिला बदर को उसके गांव के पास से चाकू सहित चाकू सहित सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी मोहसिन पुत्र इसाक झिंझाना थाने से जिला बदर है पुलिस अधीक्षक शामली रामस. वक गौतम के आदेश पर वारंटी व जिलाबदर बदमाशों की तलाश में मंसूरा हलका इंचार्ज सतीश सिंह कांस्टेबल अमित सागवान शांतनु यादव सुमित कुमार आदि ने चेकिंग अभियान चलाया हुआ था।

जिस पर दभेड़ी बुजुर्ग के जंगल में जिला बदर मोहसिन पुत्र इसाक को चाकू सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है पुलिस में आरोपी के खिलाफ सुसंगत धारा में मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# पाइप लीकेज होने से आई मकानों में दरार पालिका ने किया नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ गई थी। दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर क्षतिग्रस्त लाइन को ढूंढ कर मरमत का कार्य शुरू किया था। मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी और पालिका अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की थी। मामले में पालिका प्रशासन के द्वारा मोहल्ले के ही वरीस अहमद को मकानों में आई दरार व पालिका की सड़कों में खोदे गए ग्ग्ो की क्षतिपूर्ति करने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

रविवार को मोहल्ला शेखजादगान निवासी अरशद, प्रदीप, अब्दुल्ला, वरिस, शाहनवाज, आरिफ, मिंटू, इनाम, विकास, कासिम, इकराम सहित आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी कैराना एवं पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के नाम एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि तीन दिन पूर्व उनके मकानों में हल्की-हल्की दरार आ गई थी। रविवार को अचानक से दरारे काफी फैल गई और मकानों के गिरने का डर सताने लगा।

आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई थी। सभी लोगों ने शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की थी। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने नगर पालिका की टीम को निस्तारण के निर्देश दिए थे। मौके पर जलकल विभाग के बाबू अकरम अंसारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन लगाकर खुदाई कराई थी। खुदाई के दौरान नगर पालिका परिषद की टीम ने वरीस अहमद के निजी सबमर्सिबल का पाइप क्षतिग्रस्त पाया था। जिसके कारण मकानों में पानी आ जाने के कारण दरार आई थी। नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर मरम्मत कार्य किया था, तब जाकर मकान स्वामियों ने राहत की सांस ली थी। मामले में पालिक प्रशासन ने वरीस अहमद को मकानों में आई दरारों व पालिका की सड़कों में खोदे गए ग्ग्ो की क्षतिपूर्ति करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि जिस व्यक्ति के सबमर्सिबल की वजह से मकानों में दरार आई है, उक्त व्यक्ति को क्षतिपूर्ति के लिए नोटिस जारी किया गया है।

# प्रधान एवं ब्लाक अधिकारियों पर आरोप, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक ग्रामीण ने ग्राम प्रधान एवं ब्लाक अधिका. रियों पर शिकायत के बावजूद भी सड़क निर्माण नहीं करने का आरोप लगते हुए वीडियो इंटरनेट पर वायरल करते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर निस्तारण की मांग की है।

विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी ग्रामीण अनीस ने सोमवार को एक वीडियो इंटरनेट



पर प्रसारित करते हुए आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान पीड़ित से चुनावी रंजिश रखता है शिकायत के बावजूद भी ग्राम प्रधान एवं ब्लाक के अधिकारी सड़क निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं। बरसात होते ही सड़क पर कीचड़ एवं जल भराव हो जाता है जिस कारण आने जाने वाले ग्रामीण व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीड़ित ग्रामीण ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर निस्तारण की मांग की है।

# दूसरे दिन भी दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत लगातार दूसरे दिन चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 1.12 किग्रा ग्राम गांजा व 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है।





डीआईजी सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस की ओर से परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरारूनशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह्न चलाया जा रहा है, जिसके मद्देनजर सोमवार को कोतवाली पुलिस ने लगातार दूसरे दिन भी अलग-अलग स्थानों से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी फैसल निवासी मोहल्ला आर्यपुरी कस्बा कैराना से 1।12 किग्रा अवैध गांजा तथा शहजाद निवासी ग्राम मोहम्मदपुर राई से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सम्बंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके उनका चालान कर दिया है।

## एक नजर

### वृहद मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैस्मिन, उपयुक्त उद्योग शामली द्वारा जनपद के युवा उद्यमी, महिला एमएसएमई तथा निर्यातकों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नोयडा एक्सपोमार्ट, नोएडा में एक वृहद मेले का आयोजन दिनांक 25 से 29 सितम्बर के मध्य किया जा रहा है। मेले का नाम उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 है। मेले में छूट सहित 9 वर्ग मीटर की स्टॉल 15000/- से 18585/- के मध्य की दर पर उपलब्ध है। मेले में प्रतिभाग हेतु स्टॉल बुकिंग करने हेतु कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यमिता प्रोत्साहन केंद्र, मुजफ्फरनगरध्शामली में सम्पर्क करें।

### श्रीमद्भागवत कथा भक्तिभाव से जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राम सेवा समिति शामली द्वारा आयोजित मद् भागवत कथा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ जारी है। कथा के छठे दिन वृंदावन धाम से पधारे आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने भगवान कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का पावन प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया। सोमवार को आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने कथा सुनाते हुए कहा कि रुक्मिणी जी ने अपने हृदय में कृष्ण को पति रूप में स्वीकार कर लिया था और उनका अटूट विश्वास व प्रेम ही उन्हें कृष्ण से मिला। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें प्रेम, विश्वास और पूर्ण समर्पण हो। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों और भजनों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु 'जय कृष्ण' और 'राधे-राधे' के जयकारों से गूंजायमान हो उठे। ज्यों-ज्यों आचार्य ने रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया, श्रोताओं की आंखें भक्ति और भावनाओं से नम होती गईं। श्रद्धालु कथा में खो गए और भक्ति-रस का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में राम सेवा समिति के पदाधिकारियों और सेवकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के यजमान अजय कुमार मित्तल, कंवर सैन गोयल रहे। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में नगर व आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित रहे और पावन कथा का रसपान किया। इस अवसर पर विपिन मित्तल, तनिष्क मित्तल, हर्षित संगल, वंश, रितेश गोयल, संजीव, मनीष कुमार, कैलाश गोत्रा, संजय मित्तल, अनुज गर्ग, रामकिशोर, नंद किशोर, मनोज गर्ग आदि मौजूद रहे।

### तालाब बना कचहरी परिसर, अधिवक्ता का पैर टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार सुबह नगर एवं क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से कचहरी परिसर में चारों ओर पानी ही पानी नजर आया। निकासी की समूची व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी ज्यादातर अधिवक्ताओं के चौंबरों में घुस गया। इस दौरान



अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। बताया जा रहा है कि गांव अब्दाननगर निवासी अधिवक्ता नकलीसिंह सैनी न्यायालय परिसर में हुए जलभराव का शिकार हो गए। वह जनपद न्यायालय के सामने फिसलकर गिर गए, जिससे उनके पैर में फैक्चर हो गया। साथी अधिवक्ताओं की सहायता से उन्हें शामली में स्थित हड्डी रोग विशेषज्ञ के यहां पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने दो जगह से उनके पैर की हड्डी क्रैक होना बताया है। हादसा उस वक्त हुआ जब नकलीसिंह अपने चौंबर की ओर जा रहे थे। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### बारिश से धान-सब्जी की फसल को नुकसान, जगह-जगह जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पिछले तीन-चार दिनों से क्षेत्र में रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण किसानों की धान व सब्जी की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। इससे किसान चिंतित हैं। वहीं, जगह-जगह हो रहे जलभराव ने भी लोगो की परेशानी बढ़ा दी है। विगत तीन-चार दिनों से नगर एवं क्षेत्र में रूक-रूक कर बारिश होने का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट आई है और लोगों ने राहत महसूस की है। दूसरी ओर, बारिश के कारण क्षेत्र में किसानों की धान की अगेती फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों के खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे वह चिंतित नजर आ रहे हैं। खेतों में बारिश का पानी भरने से सब्जी की फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है। बारिश से तालाब आदि ओवरफ्लो हो गए है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को सड़कों पर हुए जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। जलभराव से संक्रमित रोगों के फैलने की आशंका भी पैदा हो गई है। इसके अलावा इक्का-दुक्का स्थानों पर विद्युत आपूर्ति के प्रभावित होने की भी सूचना है।

### पिटबुल ने बालक पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव दरगाह पुर में 11 वर्षीय बालक को घर के बाहर खेलते हुए पडौसी के पिटबुल कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। बालक को गंभीर अवस्था में सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

रविवार की शाम को गांव दरगाह पुर निवासी 11 वर्षीय बालक देवा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पडौसी के पिटबुल कुत्ते ने बालक पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने बालक के पैर को नोंच डाला। बालक की चीख पुकार सुनकर पास के लोगों ने किसी तरह बालक की जान बचाई। घायल बालक को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से बालक की हालत गंभीर होने के कारण उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल बालक के ताऊ सर्वेंद्र सरोहा ने बताया कि सरकारी हॉस्पिटल से छुट्टी कराकर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# चौसाना बिजली घर पर 25 अगस्त को लगेगा विद्युत बिल समाधान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिनांक 25 अगस्त 2025 को चौसाना बिजली घर में विशेष विद्युत बिल समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की बिजली बिल से संबंधित विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करना है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि शिविर में उपभोक्ताओं की शिकायतें जैसे गलत रीडिंग, बिल में त्रुटि, अधिक बिलिंग, बकाया समायोजन, नाम एवं पते में सुधार, भुगतान संबंधी कठिनाइयां आदि का समाधान मौके पर ही किया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से विशेष टीम तैनात की जाएगी ताकि किसी उपभोक्ता को असुविधा न हो। शिविर की विशेषता यह होगी कि इसमें शामली से उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। उनके मार्गदर्शन में समस्याओं का समाधान और भी तेजी से किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि लोग बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने से बच सकें।

**अधिक से अधिक उपभोक्ता लाभ उठाएं**

बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। शिविर का आयोजन प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा और दिनभर जारी रहेगा।

# ब्राह्मण समाज के लोगों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में दर्जनों ब्राह्मण समाज के लोगों ने एडीएम न्यायिक को ज्ञापन देकर शामली-सहारनपुर मार्ग से करनाल बाईपास चौराहे पर भगवान परशुराम चौक बनाने के की मांग की।

सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक के नेतृत्व में दर्जनों ब्रहमण समाज के लोग करनाल रोड़ स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए, जहां से वह कलक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उन्होने एडीएम न्यायिक परमानंद झा को ज्ञापन देकर कहा कि हमारे गृह जनपद शामली में चारो और बाईपास का निर्माण कार्य सरकार द्वारा कराया गया है। जोकि हमारी सरकार का एक सराहनीय कार्य है। जिसमें शामली में कई चौराहों का निर्माण हुआ है। जिसमें एक चौराहा शामली-सहारनपुर मार्ग



से करनाल बाईपास के निकट अम्बा विहार कालोनी पर भी है। जिस पर ब्राहमण समाज भगवान परशुराम चौक की स्थापना करना चाहता है। उन्होने मांग की शामली-सहारनपुर मार्ग से करनाल बाईपास के निकट अम्बा विहार कालोनी पर भगवान परशुराम चौक बनाने की स्वीकति प्रदान की जाए। इस अवसर पर एडवोकेट विक्रांत भार्गव, योगश भारद्वाज, सत्यप्रकाश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, रामनिवास शर्मा, अशोक वशिष्ठ, राजेश शर्मा, अंकित कौशिक, दीपक कौशिक, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 45 लाख 36 हजार में हुई मेला गूगाल की ठेका नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन नगर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रसिद्ध मेला गूगाल की ठेका नीलामी इस बार 45 लाख 36 हजार रूपए में संपन्न हुई। सोमवार को नगर पंचायत सभागार में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, कानूनगो खुर्शीद, नगर पंचायत चेयरपर्सन राव मुशयदा, नीलामी समिति सदस्य नीरज गोयल, महबूब अहमद, पंडित देवेंद्र शर्मा, अंशुल गर्ग, अर्चना व मंजू की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया पूरी हुई।इस दौरान 16 ठेकेदारों ने जमानत राशि जमा कर नीलामी में हिस्सा लिया। नीलामी की शुरुआत अनीश राणा ने 7 लाख की बोली से की, जिसे सौरभ सिंघल ने 9 लाख तक बढ़ाया। धीरे-धीरे बढ़ती बोली अंतत: सहारनपुर निवासी हाजी



जमशेद ने सबसे ऊंची बोली 33 लाख रूपए लगाकर जमीन का ठेका अपने नाम कर लिया।

वहीं, बिजली का ठेका अरशद ने 11 लाख 11 हजार रूपए की सबसे अधिक बोली लगाकर प्राप्त किया। इसके अलावा दंगल का ठेका 1 लाख 25 हजार रूपए की बोली लगाकर सऊद राणा के नाम हुआ।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष यह ठेका 27 लाख 11 हजार रूपए में छोड़ा गया था। उस समय



मुजफ्फरनगर निवासी मो। यूनुस ने 21 लाख 11 हजार में जमीन का ठेका लिया था, जबकि बिजली का ठेका मुजफ्फरनगर के सलमान के नाम 6 लाख रूपए में हुआ था।

इस बार ठेका नीलामी की राशि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे नगर पंचायत को भी अधिक राजस्व प्राप्त होगा। नीलामी पूरी होने के साथ ही मेला गूगाल के आयोजन की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये ठगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने गांव किवाना निवासी युवक पर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रूपए ठगने का आरोप लगाते हुए रूपए वापस मांगने पर मारपीट कर पीड़ित के पैर की हड्डी तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी बसंत पुत्र रामपाल ने बताया कि गांव किवाना निवासी युवक ने पीड़ित से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रूपए लिए थे। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ना तो पीड़ित की नौकरी लगी और ना ही रूपए मिले। सोमवार को पीड़ित अपनी पत्नी मोनिका के साथ आरोपी युवक के घर अपने रूपए मांगने के लिए गया था आरोप है कि तभी आरोपी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित व उसकी पत्नी के ऊपर मारपीट करते हुए हमला कर दिया और भगा दिया। मारपीट के दौरान पीड़ित की पैर की हड्डी टूट गई पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जूठी हुई है।

# किसानों की ट्यूबवैलों पर हुई चोरी के मामले में पुलिस अलर्ट मोड में, किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल व भभीसा के आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरों ने धावा बोलते हुए ताले एवं दीवार तोड़कर नलकूपों से हजारों के उपकरण चोरी कर लिए थे। पीड़ित किसानों ने चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित किसान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल एवं भभीसा के किसानों ने अपने खेतों पर खड़ी फसलों में पानी देने के लिए नलकूपों के निर्माण कर रखे हैं। किसान पवन, जितेंद्र, कवरपाल,परमिंद्र, पुष्पेंद्र, अंकुश, चंदन सहित आदि किसानों का कहना है कि शनिवार की रात्रि में चोरों ने उनके खेतों पर बने नलकूपों के कमरों की दीवार व ताले तोड़कर स्टार्टर, केबिल, सहित बिजली का अन्य सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित किसान रविवार सवेरे जैसे ही अपने खेतों पर कार्य करने के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई थी। एक रात में आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों पर बने नलकूपों पर चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई थी और पीड़ित किसानों से घटना की जानकारी ली थी।

पीड़ित किसानों का आरोप है कि हर वर्ष किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना होती है मगर पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं करती। पीड़ित किसानों ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की थी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है। पीड़ित किसानों ने चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने पीड़ित किसान पुष्पेंद्र की तहरीर पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित किसान की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# भव्य शोभायात्रा में झांकिया रही आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में नगर में भगवान श्रीकृष्ण की निकाली गई भव्य शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। पग पग पर भगवान के दर्शन पाकर श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। भगवान का स्वर्णिम रथ और सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर सभा के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा में भगवान के स्वर्णिम रथ एवं प्रसाद रथ का पूजन लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह और रथशाला भवन शिखर पर धर्म ध्वज स्थापना अजय मित्तल ने की। रथ पर सारथी बनने की बोली राजकुमार व प्रदीप कुमार सराफ ने एक लाख 64 हजार रुपये में, दाईं ओर चंवर डुलाने की बोली 51 हजार रुपये में विनोद कुमार व प्रदीप बंसल एवं बाईं ओर विकास गर्ग ने 61 हजार रुपये में प्राप्त की। लड्डू गोपाल के प्रसाद रथ पर सारथी बनने का सौभाग्य निखिल सिंघल, दाईं और बाईं तरफ प्रसाद वितरण का सौभाग्य ओम शर्मा व अंकुर कुमार जबकि मुनीम की सेवा का सौभाग्य अजय बंसल व अक्षय बंसल को प्राप्त हुआ। ठाकुरद्वारा मंदिर पर शोभायात्रा का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए देवीकुंड मैदान में पहुंची। जहां कंस वध के बाद यात्रा वापस ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों, अखाड़ों व कीर्तन मंडलियों को व्यापारियों ने सम्मानित किया। संच. ालन राजीव गुप्ता ने किया। मंदिर समिति अध्यक्ष विनोद प्रकाश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, राजीव गुप्ता, ऋषिपाल कश्यप, पवन पाल, सुशील गुप्ता, पवन धीमान, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, विना. ेद गुप्ता, चौ. राजपाल सिंह, डा. पवन सवई, मुकेश गर्ग, वैभव अग्रवाल, अक्षित कुमार, दक्ष कुमार, पारस सिंघल, श्रवण सिंघल, रितेश बंसल, आशुतोष गुप्ता, सतीश गिरधर, राज. कुमार सिंघल, पुनीत बंसल आदि श्रद्धालू शामिल रहे।





# संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र चार शिकायतों का ही मौके पर हो सका निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में चकबंदी, पुलिस, विद्युत, पूर्ति विभाग आदि विभागो से सम्बंधित फरयादियों द्वारा शिकायते दर्ज कराई गई। जिनमें से मात्र चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो सका। हालांकि समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में होना था लेकिन किन्ही कारणो के चलते उनके न पहुंचने पर उपजिलाधिकारी ने ही समास्याओं को सुन सम्बंधित अधिकारियों को सम्सयाओं का समाधान करने के निर्देश दिये।

खंड विकास कार्यालय के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी युवराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागो से संबंधित 31 समस्याएं दर्ज की गई। हालांकि चारफरयादियों की समस्याओं का ही मौके पर निस्तारण हो सका। इस दौरान राजस्व विभाग 15, बीडीओ कार्यालय की पांच, पूर्ति विभाग की सात, पॉवर कारपोरेशन, चकबंदी, पुलिस सहित अन्य विभागो से संबंधित 31 फरयादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे थे।सका। इस दौरान उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, तहसीलदार पुष्पांकर देव, खंड विकास अधिकारी असलम प्रवेज और पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैंस, नजाकत अली सिद्दीकी आदि अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



# निःशुल्क जांच शिविर में की बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वाधान में एंबिएंस पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 200 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें हेल्थ सिरप वितरित किया गया।

जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क जांच शिविर का उद्घाटन स्कूल के प्रबंधक रिजवानु. हलक सिद्दीकी व जामिया तिब्बिया के डायरेक्टर डा. अनवर सईद ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस तरह के शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है। प्रधानाचार्य नबील सिद्दीकी ने चिकित्सकों की टीम को धन्यवाद दिया। डा .अनवर सईद ने बताया कि इस तरह के हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन समय-समय पर किया जाता है, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहा जा सके। शिविर में डा. जुवेरिया हाशमी, गुलशन, अफीफा, फात्मा, फहीम, आयशा मुसर्रत, नईम, जैनब खातून व राफिया खान आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।



# वांछित आरोपी को भेजा जेल

**देवबन्द।** गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शामली जनपद के थाना कैराना के किशोरपुर निवासी अमित गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। आरोपी के पंजाब स्थित लुधियाना में होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस टीम ने लुधियाना के प्रीत विहार स्थित करयाना स्टोर पर दबिश देकर अमित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जमीयत की यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट लागू किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तराखंड में यूनिफार्म सिविल कोड लागू किए जाने के खिलाफ नैनीताल हाईकोर्ट में दाखिल की गई जमीयत उलमा ए हिंद की याचिका पर सोमवार को अदालत ने सुनवाई की। जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के मुताबिक अदालत ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा था। लेकिन सरकार के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया है। मामले में अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि इस मामले में अब तक हुई सुनवाई में जमीयत की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ के समक्ष तर्क रखते हुए कहा था कि किसी भी राज्य सरकार को यूनिफार्म सिविल कोड बनाने या लागू करने का कोई अधिकार नहीं है। यह भी कहा था कि यह कानून नागरिकों के उन मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है, जो संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21 और 25 में दिए गए हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और कानून की सर्वोच्चता को कायम रखने के लिए जमीयत ने अदालत का दरवाजा इस उम्मीद से खटखटाया है कि न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा कोई कानून मंजूर नहीं जो शरीयत के खिलाफ हो। मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है, लेकिन अपने धर्म और शरीयत से समझौता नहीं कर सकता। मौजूदा सरकार यूसीसी एक्ट लाकर मुसलमानों से वह अधिकार छीन लेना चाहती है जो उन्हें देश के संविधान ने दिए हैं। मदनी ने कहा कि आदिवासियों को इस कानून से अलग रखे जाने का मतलब यही है कि यह कानून विशेष तौर पर मुसलमानों की सामाजिक और धार्मिक पहचान को मिटाने के इरादे से बनाया गया है



# भाजपा सरकार की नीतियों से किसान व जनता परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपा सरकार में मंहगाई से सभी वर्ग परेशान हैं किसानो को लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहें हैं।

कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष डॉ. शाजिया जीनत नाज ने जारी अपने बयान में कहा कि आज देश के जो हालात हैं उससे जनता परेशान आ चुकी है। जिसके चलते अब वह आस भरी नजरों से कांग्रेस की ओर देख रही है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले कभी देश के इतने बुरे हालात नहीं हुए कांग्रेस और उसे जुड़े नेताओं ने जहां देश को आजादी दिलाने में संघर्ष किया और अंग्रेजों से लोहा लिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को सशक्त बनाने में भी कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश को परमाणु संपन्न बनाने में कांग्रेस के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो खुलासे किये हैं उससे जनता में परिवर्तन की लहर है और आने वाला समय कांग्रेस का हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पिता लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उड़ीसा में नौकरी करने वाले सुशील त्यागी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजन उनकी तलाश में जुटे हैं।

सुल्तानपुर बास्तम गांव निवासी हिमांग त्यागी सोमवार को परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची। बताया कि पिता सुशील त्यागी उड़ीसा में नौकरी करते हैं। आठ अगस्त को वह घर से नौकरी पर जाने के लिए निकले थे। लेकिन गलत ट्रेन में बैठने के कारण वह पश्चिम बंगाल के हावड़ा में पहुंच गए। इसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। बाद में उनकी तलाश की गई तो हावड़ा स्टेशन पर वह सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दिए, लेकिन उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं है। हिमांग ने पुलिस से पिता को सकुशल बरामद कराये जाने की गुहार लगाई है।



# 108 कटड़े ले जाते तीन पकड़े, लोगों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** निर्दयता पूर्वक एक कैंटर में करीब 108 कटडों को लादकर स्लाटर हाउस ले जा रहे चालक सहित तीन लोगों को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड लिया और हाइवे पर हंगामा किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कैंटर सहित तीनो को हिरासत में ले लिया। वहीं पकडे गए लोगों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने की मांग को लेकर हिन्दू संगठनों से जुडे सैकडो लोगों ने थाने का घेराव कर प्रर्दशन किया। थाना पंहुचे उप जिलाधिकारी देवबंद व क्षेत्राधिकारी देवबंद ने प्रर्दशनकारियों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर शांत किया। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम करीब छह बजे छत्रपति शिवाजी संगठन के जिलाध्यक्ष देवांक चौधरी को सूचना मिली कि मुजफ्फरनगर की ओर से एक कैंटर यू पी 17 ए टी 8074 सहारनपुर की तरफ आ रहा है। जिसमें बेरहमी से सैकडों कटडों को भूसे की तरह ठूंसा गया है जिसमे कुछ मर गए है और कुछ मरने की हालत मे है।

संगठन से जुडे अक्षय राणा, वीशू, रोहित, प्रियाशु ने कैंटर का पीछा कर रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कैंटर चालक ने उन्हे जान से मारने की नीयत से उन पर कैंटर चढाने का प्रयास किया। अन्य ग्रामीणों को सूचना देने पर कैंटर को ग्रामीणों ने गांव बसेडा के निकट रोक लिया। कैंटर में बेरहमी से भरे हुए पशुओं की हालत देखकर ग्रामीण भड़क गए। ग्रामीणों ने कैंटर मे लदे कटडों को खोलकर नीचे उतारा जिनमे करीब 21 कटडे मर चुके थे बाकि की हालत भी गंभीर थी। सूचना मिलने स्थानीय पुलिस भी थानाध्यक्ष रमेश चंद सिंह सहित पंहुची। इस दौरान कुछ लोगों ने पकडे गए लोगों के साथ मारपीट करने का प्रयास भी किया लेकिन मौके पर उपस्थित समझदार लोगों ने मामले को संभाले रखा और कैंटर सहित तीनों लोगो को पुलिस को सौंप दिया।

पकडे गए लोगों ने ग्रामीणो को पूछताछ मे अपना नाम अनीस पुत्र लतीफ चालक, रिजवान पुत्र नवाब, इकलाख पुत्र इस्लाम सभी निवासी मुहल्ला कैथीपुरा थाना कोतवाली बागपत बताया। उन्होंने बताया कि ए पशुओं के मालिक जावेद ने इन्हे सरधना के पास से लदवाए थे। घटना की सूचना पाकर हिंदू संगठनों से जुडे कार्यकर्ता भी थाने मे आ गए। उनकी मांग थी कि पकडे गए लोगों के गले में जूतों की माला डालकर उठक बैठक लगवाई जाए। ए पशु कहां से लदे थे उसके मालिक सहित संबधित ट्रांसपोर्ट के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाए। कैंटर को पकडने वाले युवकों को पुलिस प्रशासन द्वारा सम्मानित किया। कैंटर चालक के खिलाफ जान से मारने का मुकदमा दर्ज किया जाए। मृत पशुओं को दबाया जाए आदि मांग शामिल थी। करीब डेढ घंटे बाद पुलिस क्षेत्राधिक. ारी व उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया पकडे गए लोगों के खिलाफ कानून के दायरे में कडी से कडी कार्रवाई की जाएगी जिस पर वे शांत हो गए। इस मामले मे देवांक चौधरी पुत्र शक्ति सिंह निवासी गांगनौली ने नामजद तहरीर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कैंटर मे 108 पशु लदे थे जिनमे से 21 मृत पाए गए। मृत पशुओ को जे बी सी मंगाकर दबाया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।



**खोया-पाया सूचना**

मेरी पुत्री तृप्ति का हाईस्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240540240 सह अंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**हरेंद्र पुत्र जय सिंह,** गांगनोली, देवबंद, सहारनपुर।

# करोड़ों लेकर एजेंट फरार, लोगों ने की शिकायत

**परीक्षित गुप्ता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा निवासी कलेक्शन एजेंट राजेन्द्र सिंह के फरार होने के करीब एक माह बाद अब व्यापारियों ने उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया और थाने जा पहुंचे। उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया और राजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी और उनके पैसे दिलाये जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वजन वैलफेयर सोसाइटी चलाने वाला राजेन्द्र सिंह पुत्र चौ. रामपाल सिंह निवासी ग्राम पुट्ठा हाल निवासी ग्राम हीमपुर दीपा पिछले करीब एक दशक से हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव सहित चाँदपुर के व्यापारियों से भी प्रतिदिन पैसे एकत्रित करने का काम करता था। बताया जाता है कि बीती 23 जुलाई से दो-तीन दिन पूर्व से वह व्यापारियो से पैसे लेने नहीं पहुंचा तो व्यापारियों को संदेह हुआ, जिसके बाद उसके भागने की चर्चा जंगल मे आग की तरह फैल गई। राजेन्द्र सिंह के परिवार ने उसकी गुमशुदगी चांदपुर थाने में दर्ज करा दी।

उधर लगातार व्यापारियों के पहुं. चने पर राजेन्द्र सिंह के परिजन व्यापारियों को दिलासा देकर मूर्ख बनाते रहे। उधर एक के बाद एक बड़े व्यापारी के राजेन्द्र सिंह के घर पहुंचने पर स्थानी लोगो की नींदे उड़ने लगी। उधर धीरे-धीरे करीब एक माह बीतने के बाद भी परिजनों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न देने पर रविवार को व्यापारियों ने राजेन्द्र सिंह के घर पर धरना शुरू कर दिया। इसके बाद राजेंद्र सिंह की पत्नी रातों रात गायब हो गई।

पीडित व्यापारियों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन पैसे लेने वाला राजेन्द्र सिंह और उसका दामाद धीर सिंह तो पूर्व में ही फरार हो गए।

साथ ही एक महीने से दिलासा दे रही उसकी पत्नी भी अब रातों रात गायब हो गई। थाने पहुंचे दर्जनों व्यापारियों ने बताया कि राजेन्द्र सिंह गुमशुदा नहीं है बल्कि वह करीब 50 से 60 करोड़ रुपया लेकर फरार हुआ है। थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से पहुंचे पीडित हार्दिक बंसल, बिल्लू गुप्ता, लक्की गुप्ता, पवन सिंह, वाजिद, अरुण, अशोक, शंकर, भूपेंद्र, नेपाल सिंह, मतलूब, कृष्णा देवी, मोहित, ललित गुप्ता, अनिल, विवेक, लोकेंद्र सिंह, सहित सैकड़ों व्यापरियों ने न्याय की गुहार लगाते हुए हीमपुर दीपा थाने में प्रार्थना पत्र सौंपा है। व्यापारियों का कहना था कि उनका प्रार्थना पत्र ले लिया गया, परंतु उन्हें कोई रिसीविंग नहीं दी गई है।




## वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**कोतवाली देहात।** ग्राम शाहपुर सैदू में गुलदार देखे जाने के बाद सोमवार को वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया। पिछले कई दिनों से ग्राम शाहपुर सैदू में गुलदारों का एक झुंड दिखाई दे रहा था। जिसके कारण किसान खेतों पर जाने से डर रहे थे। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने गुलदारों की समस्याओं को लेकर वन विभाग को अवगत कराया था। वन विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए पिंजरा लगाया गया। विकास चौधरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में भय का माहौल है और पशुओं के चारे की समस्या बनी हुई है। इस मौके पर सजाउद्दीन मलिक, नितिन कुमार, मुकेश कुमार, नीला सिंह, रोहित कुमार, संजीव कुमार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# नजीबाबाद में सर्राफा व्यापारी को जान से मारने की धमकी

## पुलिस से मांगा पीड़ित ने न्याय

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** सर्राफा व्यापारी को जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय मांगा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चौक बाजार निवासी महिला सर्राफा व्यापारी ने बताया कि 12 अगस्त की दोपहर करीब डेढ़ बजे स्थानीय निवासी नेता ने महिला सर्राफा व्यापारी की चौक बाजार स्थित दुकान पर आकर धमकी दी। नेता ने कहा कि तुने जो मुकदमा मेरे और मेरे साथी के ऊपर लिखवाया है, उसे वापस ले ले। अन्यथा अपनी जान से हाथ धो बैठेगी। वह जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने कहा कि तेरी इकलौती लड़की जवान है और सीए की पढ़ाई कर रही है। वह दिल्ली आती जाती रहती है। मैंने अपने गैंग के गुर्गे उसके पीछे लगा दिए हैं और तेरी लड़की को मैं कभी भी रास्ते से उठा लूंगा। उसने कहा कि हमसे फैसला कर ले। वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोपी नेता ने अपनी शर्ट ऊपर कर पेंट की बैल्ट में लगा तमंचा दिखाते हुए कहा कि तमंचा चलाने पर मजबूर मत कर। महिला सर्राफा व्यापारी के विरोध करने पर गंदी-गंदी गालियां देता हुआ चला गया। दुकान पर आने व बाहर निकलने की सीसीटीवी फुटेज पीड़िता के पास मौजूद है। पीड़िता के पति लकवाग्रस्त व लाचार है।

पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल कर मौके पर पुलिस को बुलाया, किन्तु उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा लिखवाने को कहा। पुलिस मामले को दबाना चाह रही है। बताते हैं कि नेता शातिर अपराधी है। इसके परिवार पर आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। इसका गिरोह जनपद में अत्यधिक सक्रिय है। जिस कारण से पीड़िता को अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा है। पीड़िता ने मुलजिमान के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने व शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए थाना नजीबा. बाद व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे दिया है।

जब इस विषय में थाना प्रभारी से फोन पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस विषय में जांच चल रही है।

बताते हैं कि आरोपी व्यापारी का पूर्व से विवादों से नाता रहा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

**कोतवाली देहात।** सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज के माध्यम से अंग्रेजों से सीधी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष किया और देश में एक नई क्रांति का संचार किया। उनके भाषण आज भी लोगों में उत्साह पैदा करते हैं। इस अवसर पर सुशील कुमार त्यागी रचित सुभाष शतक का पाठ किया गया। कार्यक्रम में आदर्श शर्मा, अनूदित भुईयार, प्राची, दिव्या आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नहटौर।** भारत की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वालों की याद में 'हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट)' की पहल 'स्वस्थ नहटौर' के तहत 'शुगर और ब्लड प्रेशर जांच और परामर्श केंद्र' द्वारा नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 में जनता कैलेंडर परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने अपनी शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन स्तर की नि:शुल्क जांच करवाई और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन 'स्वस्थ नहटौर' के संयोजक, हैप्ट के सचिव गिजाल मैहदी और मेजर चरण सिंह शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एसएनएस इंटर कॉलेज एवं सुपर सीनियर सिटीजन गुलाम साबिर, अंकुर जैन और पालिका सभासद रियासत अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता, नाजिम अंसारी, महफूज अली, शेख सलमी, अहमद वफा आदि मौजूद थे। जांच टीमों को सहयोग देने वालों में हैल्थ वॉलंटियर अनम परवीन, शबे नूर, मौम्मद आसिम, शाइस्ता अंजुम, शगिल उस्मानी शामिल रहे।

# शिक्षण संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नांगल सोती।** क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। शहीदों के बलिदान को याद करते हुए अमर रहे के नारे लगाए गए। ध्वजारोहण के बाद शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं में संस्कृति कार्यक्रम के साथ राष्ट्र प्रेम के गीत गाए गए। राजा भरत सिंह इंटर कालेज में प्रधानाचार्य राजीव चौहान, अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रबंधक कावेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड. ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।

विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान केशव शरण, हरवीर सिंह, राकेश सैनी, संजय गोयल, संजय कुमार सिंह, संजय गोयल, राजपाल सिंह, मोहम्मद अशद, सत्य प्रकाश आर्य, भीम सेन, अश्वनी कुमार, सर्वेश चंद शर्मा, गीता, सुप्रिया, पूनम सैनी, तनु सैनी, अर्चना शर्मा, नीति गोयल आदि मौजूद रहे। किसान सहकारी समिति में एमडी वीरेंद्र कुमार और गार्विन चौधरी ने, ज्ञान देवी जूनियर हाईस्कूल में प्रबंधक मनोज राणा ने, स्प्रिंग फील्ड अकादमी में प्रबंधक कुलदीप राजपूत और प्रधानाचार्या करुणा शर्मा ने, ग्राम पंचायत घर पर ग्राम प्रधान फरमान अहमद ने, थाना भवन पर थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने ध्वजरोहण किया। इस मौके सभी सभी संस्थाओं में अमर शहीदों के नारे लगाए गए व याद में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम जमील JAMEEL से बदलकर जमील अहमद JAMEEL AHMAD रख लिया हैं। भविष्य में मुझे JAMEEL AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये।

JAMEEL AHMAD
S/O A.HAMEED
VILLAGE & POST
GOPALI DEOBAND
(SAHARANPUR)

## साहनपुर में डीएम का दौरा

**नजीबाबाद।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने साहनपुर का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने पशमीना शाल बना रही महिलाओं से मुलाकात की। उनकी आमदनी व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने काम बढ़ाने के लिए फाइनेंस की कमी बताई। जिस पर डीएम ने हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद नगर पंचायत द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और वहां पढ़ रहे छात्रों से संवाद किया। साथ ही निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी को भी देखा और साहनपुर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान अपर जिला अधिकारी, चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी और नायब तहसीलदार अमित कुमार मौजूद रहे।

# धामपुर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री बजरंगबली अखाड़ा ट्रस्ट की ओर से जन्माष्टमी पर नगर में भव्य श्रीरामडोल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया।

शोभायात्रा की शुरुआत मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधाकृष्ण होरी महाराज मंदिर से हुई। अखाड़े के गुरु हरिओम शर्मा ने परंपरागत अखाड़ा खेलकर यात्रा का शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पालिका अध्यक्ष रवि कुमार व पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

नगर के मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

शोभायात्रा में डॉ. आयुष कुमार, सुमित महेश्वरी, विपुल वर्मा, मनमोहन भारद्वाज, विभूतिकांत शर्मा, प्रशांत चंद्रा, दीपक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विजयपाल सिंह, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज

● **एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस सूची में केशोर्न वालकाट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापोस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पाइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पाइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पाइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्राफी और कैश प्राइज मिलता है।

# चोटिल इशान दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

● **उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले फिट हो जाएंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्द्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** सशस्त्र बलों, फिटनेस, एकता को समर्पित अदानी अहमदाबाद मैराथन के 30 नवंबर को होने वाले नौ संस्करण के लिए पंजीकरण शुरु हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन द्वारा आयोजित 2025 मैराथन एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से शुरू होगी और शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों, जैसे अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज, से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। पूर्ण मैराथन, अर्द्ध मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। यह मैराथन न केवल एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का समर्थन करती है, बल्कि सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक उत्थान के एक व्यापक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इस अवसर पर अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदानी ने कहा कि अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

## सीएएफए नेशंस कप के संभावितों में छेत्री नहीं: जमील

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील ने स्पष्ट किया कि 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में शुरू होने वाले सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची में दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री का नाम नहीं है। भारत ने सीएएफए द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पदार्पण से पहले 16 अगस्त को बेंगलुरु में अपना तैयारी शिविर शुरू किया। भारतीय टीम को ताजिकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

# तीरंदाजी लीग में दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक वर्मा लेंगे भाग

**एएआई ने तीरंदाजी प्रीमियम लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए एथलीटों की सूची जारी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अन्य एथलीट भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार तीरंदाजी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय एथलीटों की सूची की जारी कर दी है। इस वर्ष अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी। इस फ्रैंचाइजी-शैली के प्रतियोगिता में दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज प्रतिस्पर्धा करते नजर आयेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को छह फ्रेंचाइजी टीमों में विभाजित किया जाएगा। पहले संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एएआई ने विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग, विश्व की शीर्ष 20 रैंकिंग और उसके बाद एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित चयन ट्रायल के अनुसार रैंक किए गए तीरंदाजों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में तीरंदाजों को रखा है। एएआई द्वारा आज जारी सूची के अनुसार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवरा (विश्व नंबर 14) ने भी इस प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्व रिकॉर्डधारी कंपाउंड तीरंदाज ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) की जोड़ी ने भी विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 प्रथमेश भालचंद्र फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 परनीत कौर के साथ अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित ट्रायल के आधार पर, अनुभवी ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक नंबर 4) और अतनु दास (रैंक नंबर 5) भी रिकर्व प्रतिभागियों में शामिल होंगे, जबकि महिला रिकर्व तीरंदाजों की सूची में अंकिता भक्त (रैंक नंबर 2) और भजन कौर (रैंक नंबर 6) शामिल हैं।

# एशिया कप हॉकी:पाक की जगह खेलेगा बांग्लादेश!

● **हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा- हम 2 दिन और इंतजार करेंगे, पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले




पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचसी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था।

हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। पीएचसी ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। पीएचसी प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है।


# सरफराज का धमाका, चयनकर्ताओं को दिया खास संदेश



● **तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज खान ने 114 गेंदों में 138 रनों की पारी खेली**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को बीसीसीआई भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। सरफराज पिछले कई वर्षों से रणजी ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी किया था, लेकिन उन्हें हालिया इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सरफराज खान ने भारत के लिए अब तक कुल छह टेस्ट खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक की मदद से 371 रन बनाए हैं। सफराज के अगर प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 55 मैचों में 65.98 की औसत से 4685 रन बनाए हैं। सरफराज के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 16 शतक और 15 अर्द्धशतक हैं। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक होगा। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट का मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में इसलिए हो रहा है।

## बाबर को टी-20 विश्वकप में वापसी के लिए करना होगा सुधार: माइक



**कराची, वार्ता।** पाक क्रिकेट टीम के कोच माइक हेसन ने कहा है कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने के लिए बाबर आजम को दो क्षेत्रों, स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में सुधार करना होगा। हेसन ने सुझाव दिया कि अगर बाबर अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं, तो उन्हें दो अहम क्षेत्रों में सुधार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्व कप्तान दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के घरेलू बिग बैश टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए यह मौका खुला रहेगा। हेसन ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है।

# रोइंग, कायाकिंग और कैनाइंग स्पर्धाओं में 400 से अधिक एथलीट लेंगे भाग

● **मेजबानी के साथ डल झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है**

**श्रीनगर, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर की प्रतिष्ठित डल झील में 21 से 23 अगस्त आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 से अधिक एथलीट रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाओं में भाग लेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। दशकों से, डल झील कश्मीर पर्यटन, कला और संस्कृति का केंद्र रही है और पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव की मेजबानी के साथ यह झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है। हाउसबोट मालिक इन खेलों का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। कैनोइंग और कयाकिंग की दुनिया की जानी-मानी हस्ती और ओलंपिक जज बिलकिस मीर ने कहा, ह्यह केवल एक आयोजन नहीं है यह हमारे देश में जल क्रीड़ाओं के एक नए युग की शुरुआत है। सभी एथलीटों की ओर से, मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री डॉ. और पूरी खेलो इंडिया टीम का जल क्रीड़ाओं को प्राथमिकता देने और इसे वह पहचान दिलाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं जिसके यह वास्तव में हकदार हैं। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 में युवा जल क्रीड़ा खिलाड़ी मोहसिन कयाकिंग स्पर्धा में भाग लेने की तैयारी कर रहा है।

## अक्षय कुमार पंजाब कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने गए

**फगवाड़ा, वार्ता।** पंजाब कुश्ती एसोसिएशन ने आजीवन अध्यक्ष पद्म करतार सिंह (सेवानिवृत्त आईजी) की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के दौरान अमृतसर के अक्षय कुमार को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुना है। अक्षय कुमार की नियुक्ति का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष रमन कुमार द्वारा रखा गया और इसे पूर्ण सहमति से स्वीकार कर लिया गया। पद्मश्री करतार सिंह, महासचिव शाहबाज सिंह और प्रेस सचिव रीत प्रीत पाल सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को गुलदस्ते और मालाएं भेंट करके बधाई दी। अपने भाषण में अक्षय कुमार ने सदस्यों के विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और कुश्ती जगत की समर्पित सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में होने वाली सभी चैंपियनशिप के लिए छात्र पहलवानों का प्रवेश शुल्क माफ कर दिया।

# भारत की पुरुष टीम ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

● **शायमकैंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिगडी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए**

**कजाकिस्तान, वार्ता।** अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

शायमकेंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिकड़ी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए। वहीं चीन के हू काई, चांगजी यू और यिफान झांग ने 1744-51 गुणा अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान ने 1733-62 गुणा अंक के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में, अनमोल जैन 580-17गुणा अंक के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल राउंड के लिए कट बनाने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे।

भारत के अमित शर्मा (588-24 गुणा) क्वालीफाइंग राउंड में टॉप पर रहे, जबकि वरुण तोमर (584-24 गुणा) चौथे स्थान पर रहे, लेकिन दोनों सिर्फ रैंकिंग प्वाइंट्स (आरपीओ) के लिए शूटिंग कर रहे थे। आदित्य मालरा 579-20 गुणा अंक के साथ क्वालीफाइंग में 13वें स्थान पर रहे, जबकि ओलंपियन और एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी 576-15 गुणा अंक के साथ 21वें स्थान पर रहे। फाइनल में अनमोल ने 155-1 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। हू काई ने स्वर्ण पदक जीता।

# चयनकर्ताओं के सामने उठे गंभीर सवाल

● **एशिया कप: शीर्ष क्रम से लेकर गेंदबाजी विभाग तक, हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम के घोषित होने का इंतजार सभी को है। माना जा रहा है मंगलवार को राष्ट्रीय चयन समिति अगले महीने होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। चयनकर्ताओं के सामने इस बार गंभीर समस्या है क्योंकि लगभग हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद हैं। एक बड़ा सवाल जो सभी के जेहन में है वो यह कि शानदार फार्म में चल रहे शुभमन गिल किस तरह टी-20 टीम में फिट बैठ पाएंगे? मौजूदा परिस्थितियों में टेस्ट कप्तान गिल जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था, वह एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए फिट नहीं बैठ रहे हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि गिल का नौ से 28 सितम्बर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए जगह बना पाना मुश्किल है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा यह होगा कि किसी ऐसी चीज को कैसे ठीक किया जाए जिसे सुधारने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय क्रिकेट में




फिलहाल टी-20 के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है क्योंकि कम से कम 30 ऐसे खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक ही स्थान के लिए तीन से चार विकल्प मौजूद हैं। शीर्ष तीन स्थान के लिए छह खिलाड़ी मौजूद हैं। पिछले सीजन अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही गिल, यशस्वी जायसवाल और आईपीएल 2025 में आरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन भी कम नहीं हैं। गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई एक ही स्थान के लिए दावेदारों में शामिल हैं और लंबे समय तक युजवेंद्र चहल को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। चयनकर्ताओं को सिर्फ 15 खिलाड़ी ही चुनने हैं और टी-20 के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि चयन समिति क्या फैसला लेती है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से प्लेइंग-11 में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना अनुचित होगा। दूसरा विकल्प यह है कि भारतीय क्रिकेट में सभी प्रारूप के लिए एक कप्तान रहना हमेशा से बड़ा मार्केटिंग ब्रांड रहा है। इस स्थिति में गिल दावेदार हो सकते हैं, लेकिन यह मामला उतना भी आसान नहीं है जितना सोचा जा रहा है। रोहित शर्मा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टी-20 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को टीम घोषित की

**केन्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कल से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज के लिए किशोर तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया है। मफाका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर 17 खिलाड़ियों की एकदिवसीय टीम में जगह बनाई है। इस सीरीज में नौ विकेट सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस का एकदिवसीय टीम में पर्दापण लगभग तय है। युवा खिलाड़ियों को टीम शामिल किये जाने को लेकर बावुमा ने कहा कि जब आप युवा चेहरों को देखते हैं तो यह हमेशा रोमांचक होता है। जाहिर है कि ब्रेविस पर ही सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, (वह) अपना दमखम दिखा रहे हैं और दिखा रहे हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि वह वनडे में भी क्या कमाल दिखा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को अपनी टीम में वापस शामिल किया है, जिन्हें हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन में हुई टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया था। मिच मार्श नियमित कप्तान पैट कमिंस की जगह लेंगे। मार्श ने टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत दिलाने में मदद की थी और 50 ओवरों के मैचों में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। मार्श ने कहा कि मैदान में साढ़े तीन घंटे बिताने के लिए तैयार होना कुछ खिलाड़ियों के लिए थोड़ा अलग होगा। लेकिन एक टीम के रूप में और कुल मिलाकर, वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। मानसिकता में थोड़ा बदलाव आया है, यह स्पष्ट रूप से अलग प्रारूप है।

# पार्षद ने किया आत्महत्या का प्रयास

## वार्ड 52 के पार्षद मनोज प्रजापति ने लगाया पार्टी नेताओं पर जातीय शोषण का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 52 के भाजपा पार्षद मनोज प्रजापति ने पार्टी के ही कुछ नेताओं पर जातीय शोषण के गंभीर आरोप लगाते हुए आत्महत्या का असफल प्रयास किया है। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनके सिर पर गहरी चोट लगी है जिस कारण उपचार के दौरान कई टांके लगाए गए।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आक्रोशित होकर पार्षद मनोज प्रजापति ने ईंट उठाकर अपने सिर पर मार ली और जान देने की कोशिश की। उपचार के दौरान मीडिया से बातचीत में मनोज प्रजापति ने आरोप लगाया कि वे लंबे समय से भाजपा के लिए काम कर रहे हैं और पिछले 3 वर्षों से वार्ड 52 से निर्वाचित पार्षद हैं। लेकिन लगातार पार्टी के ही कुछ बड़े नेता उन्हें जातिवाद के नाम पर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता शेखर ठकराल सहित कुछ लोग लगातार उन्हें और उनके परिवार को टारगेट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जातीय टिप्पणियाँ और गालियाँ दी जाती हैं, जिसकी जानकारी पार्टी संगठन को कई बार दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस घटना के बाद जिला अस्पताल में भारी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता एकत्र हो गए। मामले ने सहारनपुर की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। वहीं, भाजपा संगठन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई। फिलहाल, पार्षद मनोज प्रजापति का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### उफान पर यमुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पिछले कई दिनों से पहाड़ों पर हो रही भारी बरसात के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया। हरियाणा क्षेत्र की सड़क पानी में डूबने के कारण यूपी से हरियाणा का भी संपर्क कट गया।

पिछले कई दिनों से पहाड़ों पर हो रही भारी बरसात के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया। देर रात को इस पानी से गंगोह के खादर क्षेत्र में अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के कुछ किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। हरियाणा क्षेत्र की सड़क पानी में डूबने के कारण यूपी से हरियाणा का भी संपर्क कट गया जिससे आवागमन ठप हो गया। सोमवार सुबह दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रहीं। ट्रैक्टर, ट्रक आदि बड़े वाहन तो किसी तरह लोग वहां से ले जाते रहे लेकिन कार, बाइक आदि छोटे वाहन पूरी तरह बंद हो गए। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर-ट्राली से लोगों की बाइक और पैदल लोगों को इधर से उधर पहुंचाते देखे गए।

# विधायक मुकेश चौधरी ने किया यमुना के निकटवर्ती गांवों का दौरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड विधानसभा विधायक मुकेश चौधरी ने यमुना नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए गांव टोडरपुर भूकड़ी व गांव आल्हनपुर का दौरा कर ग्रामीणों का हाल चाल जाना।

सोमवार को गांवों में दौरा करने पहुंचे विधायक मुकेश चौधरी ने कहा हम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र में सुरक्षित व्यवस्था बनाने के लिए काम करें। विधायक के निर्देश के बाद अधिशासी अभियंता निर्माण निगम क्षेत्र में सुरक्षित व्यवस्था बनाने के लिए काम शुरू करेंगे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए तैयार रहने को कहा। यमुना नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है, विधायक ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र का दौरा किया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### भावनाएं आहत करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**गागलहेडी।** पुलिस द्वारा महापुरुष की तस्वीर पर पेंट लगाकर भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से सफेट पैन्ट की स्प्रै कैन बरामद की।

गाँव चुनहैटी शेख मे जातिगत भावनाओ को ठेस पहुचाने के लिए अभियुक्त रितेश उर्फ हिमाशु पुत्र राज सिंह निवासी ग्राम चुनहैटी शेख थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर द्वारा डा भीमराव अम्बेडकर के बोर्ड पर उनके नाम व चेहरे पर सफेद पैन्ट पोत दिया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रितेश पुत्र हिमाशु पुत्र राज सिंह निवासी ग्राम चुनहैटी शेख थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर को रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से सफेद पैन्ट की स्प्रै कैन बरामद हुई।

# साजिशों से डरने वाला नहीं: टिंकू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के महानगर प्रभारी व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो गया। टिंकू अरोडा का कहना है कि फर्जी मुकदमें दर्ज कराकर जनता की लडाई की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन यह लडाई जारी रहेगी।

बता दे कि पिछले 10 दिनों के अंदर विधानसभा प्रभारी और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के खिलाफ एक थाना सदर बाजार और एक नगर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ सदर बाजार वाले में शिकायतकर्ता द्वारा स्वयं भी एक चैनल को इंटरव्यू देते हुए कहा कि न्यायालय में टिंकू अरोड़ा नहीं थे उसने अपने एक आदमी को भेज कर मेरे से अभद्रता कराई थी जिस से मुकदमे की सत्यता स्वयं साबित हो जाती लेकिन टिंकू अरोड़ा के खिलाफ फिर भी राजनीतिक दबाव के चलते मुकदमा पंजीकृत थाना सदर बाजार में कर दिया गया और बीती रात थाना नगर कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र पर जिसमें यह आरोप लगाया गया कि टिंकू अरोड़ा और उसके पुत्र संजू अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर अभद्रता की जिसमें टिंकू अरोड़ा या उसके पुत्र के द्वारा किसी भी तरह की अपनी आईडी से कोई भी अभद्र टिप्पणी नहीं की लेकिन देर रात तक राजनीतिक दबाव के चलते फिर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया क्या मौजूदा सीट पर बैठा हुआ व्यक्ति टिंकू अरोड़ा को अपना मजबूत प्रतिद्वंदी मानते हुए कुछ लोगों का सहारा लेकर उनकी आवाज को दबाना चाहता है क्योंकि टिंकू अरोड़ा जनता के हक की लड़ाई लड़ने का काम निरन्तर कर रहे हैं और कई मामलों की सत्यता सहारनपुर नगर की जनता और व्यापारियों को बताने का काम कर रहा है टिंकू अरोड़ा से बात करने पर उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ यह सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि द्वारा सोची समझी तरीके से साजिश की जा रही है लेकिन उस जनप्रतिनिधि ने मेरे निर्दोष परिवार के लोगों पर भी जो मुकदमा पंजीकृत करने का काम किया है वह उसकी घटिया मानसिकता को दर्शाता है उसकी सोच मेरी जनता की आवाज को दबाना है जो नहीं दबेगी जनता की लड़ाई जारी रहेगी समय कभी एक जैसा नहीं रहता मुझे पुलिस प्रशासन और न्यायालय पर पूरा भरोसा है मुझे न्याय मिलेगा।

# इमरान मसूद के सवाल पर बड़ा खुलासा

## अल्पसंख्यक छात्रों की छात्रवृत्ति पिछले 3 साल से बंद, अनुदान के बजाए मिलेगा शिक्षा ऋण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकसभा में सांसद इमरान मसूद द्वारा पूछे गए प्रश्न पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उत्तर से यह तथ्य सामने आया कि सरकार ने अल्पसंख्यक छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना पिछले तीन वर्षों से बंद कर रखी है और अब सरकार की प्राथमिकता उन्हें प्रत्यक्ष अनुदान देने के बजाय शिक्षा ऋण उपलब्ध कराना है।

सांसद मसूद ने सवाल उठाया था कि जब अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और यहां तक कि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति का बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार वहन करती है, तो फिर मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी और बौद्ध जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इस योजना से क्यों वंचित किया गया है? उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की यह व्यवस्था बंद होने से हजारों गरीब और प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है।

**इमरान ने संसद में कहा- छात्रवृत्ति की व्यवस्था बंद होने से प्रतिभावान छात्रों को अवसरों से होना पड़ रहा वंचित**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने उत्तर में सीधे यह स्वीकार नहीं किया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना समाप्त कर दी गई है। इसके बजाय उन्होंने प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत सभी वर्गों के छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें कुछ शर्तों पर ब्याज सब्सिडी और गारंटी में छूट दी जाती है।

सांसद इमरान मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन नें बताया कि सांसद इमरान मसूद ने सरकार के इस उत्तर पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि यह सरकार अपने उद्योगपति मित्रों के लाखों-करोड़ों रुपये के कर्ज माफ करने में कोई संकोच नहीं करती, लेकिन जब बात गरीब और मेहनती छात्रों की आती है तो उन्हें छात्रवृत्ति जैसी बुनियादी सुविधा से भी वंचित कर दिया जाता है।

सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सरकार के पास देश के भविष्य को गढ़ने वाले इन छात्रों के लिए कुछ हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था नहीं करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी और जैन सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के साथ सरासर अन्याय है।

# शिक्षक नेता बिजेंद्र को श्रद्धांजलि देने उमड़ा सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पूर्व प्रधान मंजु शर्मा के पति और शिक्षक नेता बिजेंद्र शर्मा की शोक सभा रुड़की रोड स्थित मिलन गार्डन में आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और सर्व समाज के लोग शामिल हुए। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने बिजेंद्र शर्मा के निधन को न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और ईश्वर से शोकसंतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

शोक सभा में बिजेंद्र शर्मा के पुत्र आकाश पंडित, आशीष शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह सैनी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व मंत्री सरफराज खान, जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, जिला महामंत्री राधेश्याम शर्मा, डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेंद्र राणा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश संयोजक सूर्यकांत राणा, बसपा जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, सपा नेता रोहित राणा, भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा, भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी, वरिष्ठ समाजसेवी नीरज जैन, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुल्किराज सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुटमलपुर अमित सेन, मुजफ्फराबाद मंडल अध्यक्ष रजत त्यागी, रणवीर राणा, रजनीश राणा, अनुज शर्मा, प्रवेश कंबोज, योगाचार्य अनीता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रक्षा नामदेव, सभासद अंकुर सैनी, प्रियंका कंबोज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा में वक्ताओं ने बिजेंद्र शर्मा के सामाजिक और शैक्षिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बिजेंद्र शर्मा ने हमेशा समाज के उत्थान के लिए कार्य किया, और उनका जाना क्षेत्र के लिए बड़ी हानि है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर शराब तस्करी, चोरी व दहेज उत्पीड़न के अलग अलग मामलों में 03 आरोपी गिरफ्तार किए हैं।

सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान 03 वारण्टी सचिन पुत्र मेघराज निवासी ग्राम दौलतपुर, फरमान पुत्र भूरा निवासी ग्राम चालाकपुर व महफूज पुत्र महमूद निवासी मौहल्ला कोठीवाला कस्बा सुल्तानपुर थाना चिलकाना को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई देवेन्द्र अधाना, राकेश कुमार, सतीश कुमार, हैड कांस्टेबल सहदेव सिंह, कांस्टेबल गोपाल सोलंकी, जिम्मी सागर व होमगार्ड कंवरपाल शामिल रहे।

# पुलिस से साठगांठ कर बेच डाली पूर्व एमएलसी की 500 करोड़ की संपत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उनके परिवार की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनकी पत्नी का आरोप है कि कुख्यात माफिया गैंग द्वारा उनके परिवार के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है।

पूर्व एमएलसी की पत्नी एवं मिर्जापुर पोल निवासी फरीदा बेगम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि माफिया गैंग ने कुछ अधिकारियों और पुलिस कर्मियों से मिली भगत करके उनके पति, देवर और बेटों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भिजवा दिया । 12 अगस्त को उनके बेटों और देवर की हाई कोर्ट से जमानत मंजूर हो गई। लेकिन माफिया गैंग ने पुलिस के कुछ कर्मियों से सांठगांठ करके 13 अगस्त को एक झूठा एसटीएसटी का मुकदमा दर्ज कर दिया। जो मुकद्दमा दर्ज कराया है, वह घटना चार साल पुरानी बताई गई है। फर्जी मुकद्दमा दर्ज कराने के पीछे जेल में बंद इनके बेटों को बाहर नहीं निकलने देना है।

**फरीदा बेगम ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की माफिया गैंग पर कार्रवाई की मांग, धमकी देने का लगाया आरोप**

फरीदा बेगम का आरोप है कि गैंग का सरगना हसन उनसे 50 करोड़ मांग रहा है। नहीं देने पर बेटों पर दुराचार के फर्जी मुकदमे लिखाने की धमकी दे रहा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि गैंग ने अब तक कुछ पुलिस कर्मियों से सांठगांठ करके एमएलसी के परिवार की करब 500 करोड़ की संपत्ति को बेच दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरे मामले की उच्च स्तरीय एजेंसी से कराकर गैंग और दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परिवार के सदस्यों पर कायम गलत मुकदमों को हटा कर न्याय देने की मांग की है।

# धूमसिंह का प्रदेश महामंत्री बनने पर स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री गुरू रविदास के प्रति सेवा, लगन एवं निष्ठा को देखते हुए धूमसिंह एडवाकेट को गुरू रविदास विश्व महापीठ का केंद्रीय स्तर पर प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है।

मनोनयन पर धूमसिंह एडवोकेट के मनोनयन पर सर्किट हाउस रोड पर स्वागत किया गया। धूमसिंह एडवोकेट को दिल्ली में महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविदासाचार्य सुरेश राठौर व पूर्व मंत्री डा.अनिता आर्य द्वारा मनोनयन पत्र सौंपकर अहम जिम्मेंदारी दी गई। धूमसिंह एडवोकेट ने कहा कि महापीठ के माध्यम से समरसता, भक्ति और प्रेम के संदेश को चहुंओर फैलाया जायेगा।

स्वागत करने वालों में चौ.रविंद्र प्रधान, रोहित गौतम, निर्दोष कुमार, अभिजीत सैनी, राजकुमार, अरविंद, राजेश सिंह चौहान, सूरजभान कटारिया, चरण सिंह, अशोक कुमार, दीपिका आदि शामिल रहे।

# राज्य कुराश में गाजियाबाद टीम ने बाजी मारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य कुराश प्रतियोगिता में गाजियाबाद ने मारी बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सहारनपुर उपविजेता तथा वाराणसी तृतीय स्थान पर रहा।

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। उत्तर प्रदेश कुराश एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, समाजसेवी आर.के.शर्मा व अमित चौधरी ने खिलाडियों को पदक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।द इंडियन कुराश एसोसिएशन के महासचिव विक्रांत कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें गाजियाबाद की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। सहारनपुर की टीम ने दमदार खेल के साथ दूसरा स्थान, जबकि वाराणसी की टीम ने शानदार जुझारूपन दिखाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। चयनित खिलाडी आगामी 10 से 12 सितम्बर को छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता में शामिल होंगे। निर्णायक मंडल में किरण, मंजू, अंतरिक्ष, निकिता जैन, शगुन, अक्षत, पर्व ने अपनी सेवाएँ दीं। वहीं वॉलंटियर्स ध्रुवेश, राघव, कृष्णा, कुलभूषण, कनिष्क आदि ने प्रतियोगिता को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आयोजन सचिव मोहित शर्मा ने प्रतियोगिता की सफलता पर सभी खिलाड़ियों एवं निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया।

बालकों के 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के 25 किग्रा में अभय सागर ने प्रथम, माधव ने द्वितीय, 30 किग्रा में युग भाटिया ने प्रथम, आर्यन सहगल ने द्वितीय, 30 किग्रा में देवप्रिय यादव ने प्रथम, कौशल कुमार ने द्वितीय, बालिका वर्ग के 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के 24 किग्रा में मैथिल चौधरी ने प्रथम, 28 किग्रा में पूर्णा भारद्वाज ने प्रथम, इशानी ने द्वितीय, 28 किग्रा में सैयजल सबिखी ने प्रथम, आरोही मानेश्वर्या ने द्वितीय, बालकों के 12 वर्ष से कम आयुवर्ग के 25 किग्रा में अभिषेक ने प्रथम, गगन सिंह ने द्वितीय, 30 किग्रा में यथार्थ ने प्रथम, प्रतीक ने द्वितीय, 35 किग्रा में कुणाल ने प्रथम, राघव ने द्वितीय, 40 किग्रा में साक्षम ने प्रथम, आदित्य ने द्वितीय, 45 किग्रा में विराट ने प्रथम, प्रिंस तोमर ने द्वितीय, 50 किग्रा में रोनक सिंह ने प्रथम, प्रणव अरोडा ने द्वितीय, 50 किग्रा में आकर्षण ने प्रथम, बालिकाओं के 12 वर्ष से कम आयुवर्ग के 28 किग्रा में त्रिप्ती त्यागी ने प्रथम, 32 किग्रा में हुमेरा चौधरी ने द्वितीय, 36 किग्रा में आहलया सिंह ने प्रथम, 40 किग्रा में अमोल्का सिंह ने प्रथम, इनाया खान ने द्वितीय, 44 किग्रा में आद्विका तिवारी ने प्रथम व गायत्री बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# बच्चों की दीर्घायु को पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नया बांस उर्फ पटना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व के बाद पहले सोमवार को ग्राम व क्षेत्रवासियों ने माता बसन्ती देवी व शीतला माता का पूजन किया। सोमवार को पूजन से पहले वर्तमान संरक्षक ने दोनों माताओं को चौला व झण्डा चढ़ाया। ग्राम एवं क्षेत्रवासियों ने माताओं का पूजन कर अपने बच्चो की लम्बी आयु व देश प्रदेश मे सुख शान्ति की कामना की।आज ऋषिकेश उत्तराखंड से आये राकेश कश्यप, सरोज, ममता, कमलेश, सुदेश, पायल विकाश भटनागर, अमृतलाल, राजेश सैनी, प्रेणका रोहिला, बबली रोहिला, संध्या, विनिता, सन्नी भटनागर आदि ने माताओं को प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। पूजन व साफ सफाई का कार्य वर्तमान संरक्षक यशपाल रोहिला व उनके पुत्र हिमांशु रोहिला के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# नगर में 26 छड़ियों का आस्थापूर्वक श्रंगार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित होने वाले मेला गुघाल के लिये आज सभी 26 छडियों का श्रृंगार आस्थापूर्वक किया गया। जिसके बादसभी छडिया शहर से दूसरे प्रदेशों में भ्रमण के लिये निकल गई।

सभी छड़ियों के श्रृंगार करने वालों में श्री गोगा म्हाडी सुधार सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी, अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष विकास प्रचार मंत्री राजेंद्र तलवार, संगठन मंत्री राकेश नाथ पंथ से जुड़े हुए विकास उपाध्याय, महामंत्री विनय सिंघ्ल, जंग बहादुर सैनी शामिल रहे। उन्होंने बहुत श्रद्धा भाव के साथ विधि-विधान से सभी छड़ियों का पूजन कराकर श्रृंगार कराया।

इसी के साथ-साथ श्री गोगा म्हाड़ी सुधार सभा के सभी पदाधिकारियों ने नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रकट किया और जल्दी सभी छड़ी वालों की बड़ी बैठक बुलाकर नगर निगम के विरोध धरना प्रदर्शन करने की कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि साथ ही साथ सभी छड़ियों के भक्तगण पदाधिकारी डीएम को भी ज्ञापन देंगे। अगर म्हाडी स्थल पर जल भराव की समस्या की निकासी या वहां की साफ-सफाई की व्यवस्था चार दिन में नहीं हुई तो सभी छड़ी वाले नगर निगम पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल वह धरना देंगे। इसका जिम्मेदार स्वयं नगर निगम के अधिकारी या वहां के कर्मचारी होंगे। श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आज छड़ी पूजन का आयोजन किया गया।

छडी पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने माथा टेक गोगा जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद भी ग्रहण किया।

# चार वारंटी पुलिस ने पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने सोमवार को थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना के आधार पर चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई चेकिंग और गश्त के दौरान की गई, जो पुलिस की अपराध के खिलाफ सख्ती को दर्शाती है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में देवी सिंह पुत्र बिशनलाल, निवासी कलसिया रोड, छुटमलपुर, के खिलाफ वाद संख्या 294/10, धारा 7/16 पीएफ एक्ट में वारंट था। दूसरा अभियुक्त हारून पुत्र इस्लाम, निवासी अलावलपुर रोड, छुटमलपुर, के खिलाफ वाद संख्या 1432/25, मुकदमा संख्या 253/22, धारा 379/411 भादवि में वारंट जारी था। तीसरा अभियुक्त बोबी कुमार पुत्र सुखवीर, निवासी बुडढाखेडा, के खिलाफ वाद संख्या 403/25, मुकदमा संख्या 218/22, धारा 379/411 भादवि में वारंट था। चौथा अभियुक्त अंकित पुत्र चन्दवीर, निवासी ग्राम मलायन, के खिलाफ वाद संख्या 1500/25, मुकदमा संख्या 151/19, धारा 60 आबकारी अधिनियम में वारंट था। सभी अभियुक्तों को थाना फतेहपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षकों और अन्य कर्मियों ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई सहारनपुर पुलिस की अपराध नियंत्रण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फतेहपुर पुलिस की यह सक्रियता न केवल अपराधियों में खौफ पैदा कर रही है, बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास भी बढ़ा रही है।

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।


## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





**विनीत नारायण**

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्श्नार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वत: ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**




अमेजॉन के जंगल 1।7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।

2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्राय: कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हर्श्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फैंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरिकन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोले: पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।



- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते है
- 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी: स्टीव

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी ज़ेलेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले ज़ेलेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विराम: एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़िक रिंग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

- नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई: एनईएमए

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

## गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

### इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।



- 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61944 लोग मारे गए हैं और कुल 155886 लोग घायल हुए
- पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं

## पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

### आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईं। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।



- मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई: एनडीएमए

## भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

### पाक मंत्री बोले: अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।



- भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

## रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह: चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरोपीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।



**अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा**

### रूस: उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।

